संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, गुरूवार, 20 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive


पीएम मोदी ने नालंदा विवि कैंपस में पौधारोपण किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 169 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"

-स्वामी विवेकानंद

# आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं: मोदी

● प्रधानमंत्री मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय का किया उद्घाटन, 800 साल बाद लौटा गौरव

**गौरव गाथा**

▶▶ नालंदा केवल एक नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है



**टीम एक्शन इंडिया**

**नालंदा: पीएम** नरेंद्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैंपस का उद्घाटन किया। नए कैंपस में पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री ने बोधि वृक्ष लगाया। वहीं, उन्होंने अपना संबोधन भी दिया। प्रधानमंत्री ने कहा,"नालंदा केवल एक नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। प्रधानमंत्री ने नालंदा के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का जिक्र करते हुए कहा," प्राचीन नालंदा में बच्चों का एडमिशन उनकी पहचान, उनकी राष्ट्रीयता को देखकर नहीं होता था। हर देश, हर वर्ग के युवा यहां आते थे।"

पीएम मोदी ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय के इस नए कैंपस में हमें उसी प्राचीन व्यवस्था को फिर से मजबूती देनी है। दुनिया के कई देशों से यहां छात्र आने लगे हैं। यहां नालंदा में 20 से ज्यादा देशों के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। ये वसुधैव कुटुंबकम की भावना का कितना सुंदर प्रतीक है।

**भारत के सभी मित्र देशों का अभिनंदन करता हूं: पीएम मोदी**

पीएम मोदी ने कहा,"नालंदा केवल भारत के ही अतीत का पुनर्जागरण नहीं है। इसमें विश्व के एशिया के कितने ही देशों की विरासत जुड़ी हुई है। नालंदा यूनिवर्सिटी के पुनर्निर्माण में हमारे साथी देशों की भागीदारी भी रही है। मैं इस अवसर पर भारत के सभी मित्र देशों का अभिनंदन करता हूं।"

### नालंदा से एशिया के कई देशों की विरासत जुड़ी

पीएम मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय से पूरी दुनिया को संदेश भी दिया। पीएम मोदी ने कहा, 'नालंदा केवल भारत के अतीत का ही पुनर्जागरण नहीं है, इसमें भारत ही नहीं एशिया के कितने देशों की विरासत जुड़ी है।

एक यूनिवर्सिटी के उद्घाटन में इतने देशों के प्रतिनिधियों का शामिल होना अपने आप में अभूतपूर्व है। बिहार के लोगों को बधाई कि वो अपने गौरव को वापस लाने के लिए जिस तरह से विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं, नालंदा का ये कैंपस उसी की एक प्रेरणा है।'

### नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है... पीएम मोदी

**प्रधानमंत्री** ने कहा,"नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा उद्घोष है इस सत्य की आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं।"

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं बिहार के लोगों को भी बधाई देता हूं। बिहार अपने गौरव को वापस लाने के लिए जिस तरह विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। नालंदा का ये परिसर उसी की एक प्रेरणा है। पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि नालंदा कभी भारत की परंपरा और पहचान का जीवंत केंद्र हुआ करता था। शिक्षा को लेकर यही भारत की सोच रही है। शिक्षा ही हमें गढ़ती है, विचार देती है और उसे आकार देती है।

# नीट रिजल्ट: 24 लाख बच्चों के साथ अन्याय हुआ: कांग्रेस

**घेरा**

▶▶ हम इंतजार कर रहे हैं कि सरकार का दिल कब पिघलेगा, कब उन्हें समझ आएगा कि ये परीक्षा गलत थी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मेडिकल में दाखिले से जुड़ी परीक्षा नीट यूजी के रिजल्ट सामने आने के बाद से ही छात्रों द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है। कई जगह छात्रों ने रिजल्ट में धोखाधड़ी और गड़बड़ी करने के भी आरोप लगाए हैं। नीट यूजी रिजल्ट आने के बाद विपक्ष ने भी भाजपा पर जम कर निशाना साधा। नीट मुद्दे पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, हम इंतजार कर रहे हैं कि सरकार का दिल कब पिघलेगा, कब उन्हें समझ आएगा कि ये परीक्षा गलत थी, 24 लाख बच्चों और भारत की स्वास्थ्य सेवाओं के साथ अन्याय हुआ है।

**सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा था मामला:** नीट-यूजी के रिजल्ट में झोल के नए-नए आरोपों और सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी के बाद शिक्षा मंत्रालय पूरी तरह से हरकत में आ गया है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने खुद इस मुद्दे पर आला अधिकारियों के साथ लंबी बैठक की। जिसमें नीट से जुड़े विवाद के सभी पहलुओं पर गंभीरता से चर्चा की। मंत्रालय ने छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन सभी विकल्पों पर गौर करने को कहा है कि जिसमें फिर से परीक्षा कराने जैसे विकल्प भी शामिल है। हालांकि, अभी इस पर किसी तरह का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। मंत्रालय से जुड़े सूत्रों की मानें तो केंद्रीय मंत्री प्रधान इस दौरान नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के रवैए को लेकर भारी नाराज है। उनका मानना था कि एनटीए को परीक्षा को लेकर जिस तरह से पारदर्शिता रखना चाहिए था और गड़बड़ियों के सामने आने पर आगे बढ़कर काम करना था।

# मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंफाल:** सुरक्षा बलों ने तेंगनौपाल जिले के लामलोंग गांव के पास शांटोंग से तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। वहीं कांगपोकपी जिले में कई हथियार जब्त किए हैं। मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि गिरफ्तार किए गए केवाईकेएल समूह के थियाम लुखोई लुवांग, कैशम प्रेमचंद सिंह और केसीपी नोयोन समूह के इनाओबी खुंड्राकपम शामिल हैं।

**अभियान के बाद तीनों को गिरफ्तार किया गया:** संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए तलाशी अभियान के बाद तीनों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी अभियान के दौरान 16 जून को कांगपोकपी जिले में गंगपिजांग पर्वतीय क्षेत्रों में कई हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। इनमें एक 7.62 मिमी एके-56 असाल्ट राइफल, एक .22 राइफल, एक 12 इंच की ऱ्सगल-बोर बैरल गन, दो इम्प्रोवाइज्ड प्रोजेक्टाइल लांचर, एक चीनी हैंड ग्रेनेड, एक देसी हैंड ग्रेनेड, एक 51 मिमी मोर्टार और गोला-बारूद शामिल हैं। असम पुलिस ने उदलगुरी जिले में एक गांव से सोमवार शाम अवैध हथियारों और गोला-बारूद का बड़ा जखीरा बरामद किया है।

# खरीफ फसल के लिए एमएसपी को मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: कैबिनेट** ने विपणन सीजन 2024-25 के लिए खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दी है। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक पूर्ण वृद्धि की सिफारिश तिलहन और दालों के लिए की गई है। धान पर न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल होगा जबकि कपास पर 7121 रुपये प्रति क्विटंल न्यूनतम समर्थन मूल्य होगा।

**कैबिनेट - वाराणसी हवाई अड्डे के विकास को मंजूरी:** कैबिनेट ने 2869.65 करोड़ रुपये की लागत से लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, वाराणसी के विकास को मंजूरी दी । प्रस्ताव में रनवे को 4075 मीटर गुना 45 मीटर तक विस्तारित करना और 20 विमानों को पार्क करने के लिए एक नए एप्रन का निर्माण करना शामिल है। एयरपोर्ट को ग्रीन एयरपोर्ट की तरह विकसित किया जाएगा। इसमें 2869.65 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके अलावा कैबिनेट ने केंद्रीय क्षेत्र योजना "राष्ट्रीय फोरेंसिक अवसंरचना संवर्धन योजना" (एन.एफ.एल.ई.एस.) को मंजूरी दी।

# उत्तराखंड: टांडा और भाखड़ा रेंज के जंगलों में लगी भीषण आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**हल्द्वानी:** उत्तराखंड में टांडा और भाखड़ा रेंज के जंगलों में दोपहर दो बजे से आग लगी हुई है। जो धीरे-धीरे विकराल रूप ले रही है। ऐसे में पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से दिल्ली हाइवे को बंद कर दिया है और दिल्ली से आने और जाने वाले पर्यटकों के साथ ही आम लोगों को लालकुआं होते हुए पंतनगर के रास्ते हल्द्वानी और नैनीताल भेजा जा रहा है। सूचना पर वन विभाग के सभी अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और आग बुझाने का काम जारी है।



हरियाणा से कांग्रेस की वरिष्ठ नेता रहीं किरण चौधरी और उनकी बेटी श्रुति चौधरी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया।

# जम्मू-कश्मीर के हादीपोरा में एनकाउंटर में दो आतंकी ढेर

**एनकाउंटर**

▶▶ दो सुरक्षाकर्मी घायल, रियासी हमले में आतंकियों की मदद करने वाला गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार (19 जून) को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच खबर लिखे जाने तक एनकाउंटर जारी था। यहां के हादीपोरा इलाके में दो आतंकी मारे गए हैं, जबकि स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप का एक जवान और एक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। हादीपोरा में पुलिस और सेना की जॉइंट टीम ने आतंकियों को ढूंढने के लिए एक सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। जैसे ही सुरक्षाबल आतंकियों के छिपने की जगह तक पहुंचे, आतंकियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। इधर रियासी में शिव खोड़ी से बस में आ रहे श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले को लेकर पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रियासी से 45 साल के ओवर ग्राउंड वर्कर हाकम को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी आतंकियों का बड़ा मददगार है, जिसने इस हमले में मदद की थी। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने आतंकियों को कई बार पनाह दी थी। आतंकियों को खाना मुहैया कराने के साथ घटनास्थल तक पहुंचने का रास्ता भी बताया था। इस हमले में 9 श्रद्धालु मारे गए थे, जबकि 40 घायल हुए थे। 9 जून को रियासी में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले की जांच एनआईए को सौंप दी गई थी।

# राहुल 54 साल के हुए, कांग्रेस मुख्यालय में जन्मदिन मनाया



**जश्न**

▶▶ खड़गे ने हाथ पकड़कर केक कटवाया, प्रियंका बोलीं- मेरे दोस्त-मार्गदर्शक बने रहना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 19 जून को अपना 54वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित कांग्रेस दफ्तर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर केक भी काटा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने बुधवार को पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई दी और उन्हें कमजोरों की आवाज, संविधान के प्रति अटूट आस्था रखने वाला तथा सत्ता को सच का आईना दिखाने वाला बताया। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में राहुल को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि हमेशा मेरे दोस्त बने रहना। उन्होंने राहुल को अपना सहयोगी तर्कशील मार्गदर्शक, दार्शनिक बताया।

**राहुल का राजनीतिक सफर:** राहुल अपने पिता राजीव गांधी की अमेठी सीट से 2009 और 2014 में जीतकर दो बार सांसद चुने गए। 2019 में वह इस सीट से स्मृति इरानी से चुनाव हारे। हालांकि, वे केरल के वायनाड से 4,31,770 रिकॉर्ड वोटों से जीते थे।

# ओडिशा विधानसभा में नेता विपक्ष होंगे नवीन पटनायक



**टीम एक्शन इंडिया**

**भुवनेशवर:** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक नई विधानसभा में नेता विपक्ष होंगे। उन्हें आज विधायक दल की बैठक में नेता और विपक्ष का नेता चुना गया। वहीं प्रसन्ना आचार्य विधानसभा में पार्टी के उप नेता होंगे। विधायकों के साथ आज बैठक के बाद नवीन पटनायक ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नव निर्वाचित बीजू जनता दल के विधायकों की बैठक हुई है। इसमें उन्हें विपक्ष का नेता और विधानसभा में पार्टी का नेता चुना गया है। उन्होंने बताया कि एक नया पद होगा, जिसमें प्रसन्ना आचार्य विधानसभा में पार्टी के उप नेता होंगे।

# उत्तर भारत में लू का कहर, 109 लोगों की गई जान



**भीषण लू**

▶▶ कठुआ के पिछले 40 वर्षों के ज्ञात आंकड़ों के अनुसार शहर में तापमान पहली बार इतना पहुंचा है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी सहित उत्तर भारत के राज्यों में भीषण लू का कहर जारी है। पहाड़ी इलाकों में भी तापमान रिकॉर्ड तोड़ रहा है। जम्मू के कठुआ में तापमान 48.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार कठुआ के पिछले 40 वर्षों के ज्ञात आंकड़ों के अनुसार शहर में तापमान पहली बार इतना पहुंचा है। माता वैष्णो देवी के आधार शिविर कटड़ा का अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। उत्तर प्रदेश में बीते 24 घंटे में लू के कारण 81 लोगों की मौत हो गई। सर्वाधिक 13 मौतें कानपुर में हुईं। बिहार के पांच जिलों में 25 लोगों की मौत की सूचना है। जबकि 50 से अधिक लोग विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराए गए हैं। इसी तरह से दिल्ली में भीषण लू से दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई और पांच मरीज अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। यूपी में सर्वाधिक 13 मौतें कानपुर, जबकि फतेहपुर में 12, चित्रकूट में नौ, उन्नाव में छह, बांदा में चार, उरई में छह, इटावा व बरेली में एक-एक, प्रयागराज और कौशांबी जिले में एक-एक और प्रतापगढ़ में चार लोगों की मौत हो गई। वाराणसी, मऊ, गाजीपुर, मीरजापुर, चंदौली, जौनपुर, बलिया, सोनभद्र में कुल 23 लोगों की जान गई। मौसम विभाग के अनुसार अभी अगले चार दिनों तक राहत के कोई आसार नहीं हैं। ज्यादातर जिलों में लू को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। बिहार के पांच जिलों में लू से 25 लोगों की मौत की सूचना है। जबकि 50 से अधिक लोग विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराए गए हैं।

**उपचुनाव** चुनाव देखकर नहीं दी 1500 रुपये पेंशन और ओल्ड पेंशन स्कीम, हरदीप सिंह बाबा के नामांकन में शामिल हुए ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू

# बिकने के बाद भाजपा के गुलाम हुए तीनों निर्दलीय पूर्व विधायक: मुख्यमंत्री



**मनीष**

**नालागढ़:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि तीनों निर्दलीय पूर्व विधायक बिकने के बाद भाजपा के गुलाम हो चुके हैं। ईमान बेचने के बाद इन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दिया। खुद को भाजपा की राजनीतिक मंडी में बेचा न होता तो निर्दलीय विधायक अपने पद से इस्तीफा क्यों देते। पैसा लिया है इसलिए भाजपा के सामने घुटने टेकने को निर्दलीय पूर्व विधायक मजबूर हैं। मुख्यमंत्री यहां कांग्रेस उम्मीदवार हरदीप सिंह बाबा की नामांकन रैली को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने हरदीप सिंह का नामांकन पत्र दाखिल करवाया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रैली में कहा कि नालागढ़ में मुकाबला धनवान और गुणवान के बीच है। यह चुनाव राजनीतिक सुचिता और स्वच्छता के लिए है। इसलिए हरदीप सिंह बाबा को जिताकर विधानसभा भेजें। बाबा जो भी काम लेकर आएंगेए उन्हें किया जाएगा। साढ़े तीन साल में नालागढ़ की सूरत बदल देंगे। उन्होंने कहा कि नालागढ़ के पूर्व विधायक केएल ठाकुर अपने क्रशर का स्टे लेने के लिए हाईकोर्ट की दौड़ लगा रहे हैं। लेकिन जनता की समस्याओं का। समाधान कराने के लिए कभी शिमला की दौड़ नहीं लगाई। वह अपने निजी काम लेकर ही आते थेए नालागढ़ में विकास कार्य मैंने खुद किए। बिकने के बाद पूर्व विधायक एक महीना अपने विधानसभा क्षेत्र नालागढ़ में नहीं आए। अब वह किस मुंह से दोबारा वोट मांग रहे हैं, जनता ने उन्हें विधायक चुनकर भेजा था। 14 महीने में उन्हें इस्तीफ ा देने की जरूरत क्यों पड़ी। वह निर्दलीय थे, वैसे भी भाजपा के साथ जा सकते थे, लेकिन जो पैसा उन्होंने अपना ईमान बेचकर लिया था, उसके दबाव में विधायक पद से इस्तीफा देना पड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जयराम ठाकुर फिर आकर झूठ बोलेंगे, लेकिन प्रदेश में उनकी सरकार बनने वाली नहीं है। कांग्रेस के विधायकों की संख्या बढकर 38 हो चुकी है। उपचुनाव की तीनों सीटें जीतकर 40 का आंकड़ा पार करेंगे। भाजपा का झूठ व फ रेब चलने वाला नहीं है। हमने बिकने वाले को नहीं, ईमानदार हरदीप बाबा को टिकट दिया है। भाजपा के उम्मीदवार केएल बिके कभी जनता के सच्चे हितैषी नहीं हो सकते। जो जनता की भावनाओं का ही सौदा कर देए वह सच्चा सेवक नहीं हो सकता। हमने निर्दलीय विधायकों के खूब काम किये, क्योंकि वह जनता की आवाज बनकर विधानसभा पहुंचे थे।

# नौसेना प्रमुख ने पीएम से की मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रणनीतिक जल क्षेत्र में बल की युद्धक तैयारी और समग्र क्षमताओं के बाबत जानकारी दी। नौसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री से मुलाकात कर उन्हें भारतीय नौसेना की विभिन्न परिचालन और प्रशासनिक गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी। यह जानकारी नौसेना ने एक्स पर अपने एक पोस्ट में दी। इसमें कहा गया है कि नौसेना प्रमुख ने पीएम मोदी को कभी भी, कहीं भी और किसी भी तरह के युद्ध के लिए तैयार रहने का आश्वासन दिया। दिल्ली में नौसेना मुख्यालय में तैनात वरिष्ठ नौसेना अधिकारियों को संबोधित करते हुए एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय नौसेना को राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए हर समय युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए।

**आतंकियों ने लाल सागर में भारतीय जहाज को बनाया था निशाना:** पिछले कुछ महीनों में भारतीय नौसेना ने लालसागर के आसपास रणनीतिक जल क्षेत्र में हमले के बाद कई मालवाहक जहाजों की सहायता की है। हूती आतंकियों ने इजरायल पर दबाव बनाने के लिए लाल सागर में व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं को बढ़ावा देती है: प्रताप

## देहरा में किसी कांग्रेसी नेता पर भरोसा नहीं है जो आपको अपनी पत्नी को उतारना पड़ा: रावत

**एसपी जैरथ**

**नाहन: सिरमौर** भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपनी पत्नी को देहरा से विधायक का टिकट दिलाकर जहां परिवार वाद को बढ़ावा दिया है वहीं पर देहरा के कांग्रेसी नेताओं के भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई है। रावत ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से सवाल करते हुए पूछा है कि आपको देहरा में किसी कांग्रेसी नेता पर भरोसा नहीं है जो आपको अपनी पत्नी को उतारना पड़ा चुनाव मैदान में उन्होंने बताया कि देहरा में भी किसी कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता ने चुनाव लड? का सपना देखा होगा आपने अपनी पत्नी को टिकट दिलाकर उनके



सपने को चूर.चूर कर दिया है आपको इस चुनाव में कार्यकताओं की अनदेखी भारी पड़ सकती है रावत ने मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए बताया कि सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मुख्यमंत्री रहते हुए अपनी पत्नी कमलेश ठाकुर को देहरा से विधायक का टिकट दिलवाया है और मुकेश अग्निहोत्री ने उपमुख्यमंत्री रहते हुए अपनी बेटी की नौकरी लगवाई है

**सीएम से सवाल**

**परिवार वाद को बढ़ावा दिया है वहीं पर देहरा के कांग्रेसी नेताओं के भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई है**

रावत ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पहले इन दोनों नेताओं ने प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी देने के नाम पर बड़े.बड़े सपने दिखाए थे जो आज भी अपने बनकर ही रह गए हैं प्रदेश के बेरोजगार युवा आज भी सरकारी नौकरी के लिए तरस रहे हैं रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ेगा क्योंकि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की जनता को झूठी गारंटी दी है महिलाओं को 1500 सो रुपए के नाम पर ठागा और प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को नौकरी के नाम पर ठगा है प्रदेश के किसानों एवं बागवानों को 300 यूनिट मुक्त बिजली 2 रुपए किलो गोबर के नाम पर ठागा है जनता इसका जवाब होने वाले विधानसभा उपचुनाव में वोट की चोट से देगी रावत ने बताया कि भाजपा हिमाचल के तीनों विधानसभा उपचुनाव केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल के कुशल नेतृत्व में प्रचंड बहुमत के साथ जीतेगी।

# प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम 4 कार्यक्रम होंगे आयोजितः संजीव कटवाल

## 21 जून को हिमाचल में बड़े स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की तैयारी में भाजपा

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। हिमाचल प्रदेश में भी भाजपा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को बड़े स्तर पर मनाने की तैयारी में है। हिमाचल बीजेपी प्रदेश के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में कम से कम चार स्थानों पर योग दिवस के कार्यक्रम करेगी इसमें बूथ स्तर से प्रदेश स्तर के कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश में भाजपा के सभी विधायकों और विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों रहे नेताओं को भी अपने निर्वाचन क्षेत्र में कार्यक्रम करने की

**योग दिवस की तैयारी**

**बीजेपी प्रदेश के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में कम से कम चार स्थानों पर योग दिवस के कार्यक्रम करेगी**

जिम्मेदारी दी गई है। हिमाचल भाजपा के उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने केंद्र में फि र एनडीए सरकार की वापसी के लिए भाजपा कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद योग को बढ़ावा देने के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में 153 देशों के समर्थन से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाना तय हुआ। आगामी 21 जून को हिमाचल प्रदेश में भी बड़े स्तर पर योग दिवस मनाया जाएगा। इसमें हिमाचल प्रदेश में बूथ स्तर से प्रदेश स्तर के भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। पार्टी की ओर से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम चार स्थानों पर योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किया जाना तय किया गया है।

**संजीव कटवाल, उपाध्यक्ष**

# एचआईवी एड्स पर आधारित प्रशिक्षण शिविर आयोजित

## एड्स कंट्रोल सोसाइटी चंबा द्वारा किए जा रहे कार्य के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की



**हामिद**

**चंबाः बुधवार** को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चम्बा की ओर से एड्स कण्ट्रोल सोसायटी चम्बा द्वारा हेल्थ केयर वर्कर के लिए एच आई वी एड्स पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिस की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विशाल महाजन नें की। उन्होंने एड्स कंट्रोल सोसाइटी चंबा द्वारा किए जा रहे कार्य के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की उन्होंने बताया कि एचआईवी एड्स एक लाइलाज बीमारी है तथा इसका बचाव एकमात्र जागरूकता ही है उन्होंने इस बीमारी के लक्षण और बचाव तथा फैलने के कारणों के बारे में जानकारी दी। जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ हरित पुरी ने बताया कि हर व्यक्ति को समय-समय पर अपनी शारीरिक जांच करवानी चाहिए उन्होंने बताया कि सभी व्यक्ति को स्वेच्छापूर्वक रुप से अपनी एचआईवी की जांच करवानी चाहिए उन्होंने बताया कि अभी तक जिले मे गर्भवती स्त्रियों की एचआईवी जांच विशेष रूप से की जाती है उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर आईसीटीसी चंबा, भरमौर, किहार और चुवाडी में एचआईवी की जांच निशुल्क करवा सकते हैं जिस की जानकारी विभाग द्वारा गोपनीय रखी जाती है उन्होंने बताया कि एचआईवी के प्रति किसी भी जानकारी के लिए एड्स कंट्रोल सोसायटी भारत सरकार द्वारा जारी 1097 टोल फ्री नंबर पर किसी भी समय कॉल करके एचआईवी एड्स के प्रति जानकारी हासिल कर सकता है उन्होंने बताया एचआईवी एक्ट 2017 के बारे मे भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम सभी को समाज के प्रति अपना कर्तव्य निर्वहन करते हुए हर व्यक्ति को एचआईवी की जानकारी देना और जांच के प्रति प्रेरित करना है। इस प्रशिक्षण शिविर मे तीन स्वास्थ्य खण्डो पुखरी, चूड़ी ओर तीसा के चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, कम्युनिटी हैल्थ ऑफिसर नें भाग लिया।

# गहने चोरी करने वाले व्यक्ति को मिला तीन दिन का पुलिस रिमांड

**विजय समयाल**

**कांगड़ाः पुलिस** थाना जवाली के तहत पड़ते एक क्षेत्र के एक घर से एक व्यक्ति ने करीब 20 तोले सोने के गहने उड़ा लिए थे। जिसकी रिपोर्ट घर के मालिक ने पुलिस को दी थी। जिस पर पुलिस ने भी त्वरित कार्रवाही करते हुए स्थानीय एक व्यक्ति को 16 तोले सोने के गहनों सहित दबोच लिया था। जिसे मंगलवार को माननीय न्यायालय नूरपुर में पेश किया गया। जहां से उसे 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। इस बारे जानकारी देते हुए जवाली बीरी सिंह ठाकुर ने बताया पुलिस ने



बीते दिन ही उक्त व्यक्ति से 16 तोले सोने के गहने बरामद कर लिए थे। जबकि बाकी के गहने भी उक्त व्यक्ति के घर से बरामद कर लिए गए हैं। बताया उक्त व्यक्ति को आज न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे तीन दिन का पुलिस रिमांड मिला है।

# पुस्तक मेले में हिमाचल के तीन उपन्यासों के अंग्रेजी अनुवाद पर होगी चर्चा

## आयोजित किया जा रहा है राष्ट्रीय पुस्तक मेला

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** हिमालय साहित्य मंच एवं ओकार्ड इंडिया के संयुक्त तत्वावधान एवं नगर निगम शिमला के सानिध्य में 21 से 30 जून तक आठवां राष्ट्रीय पुस्तक मेला आयोजित किया जा रहा है। राजधानी शिमला के पदमदेव कॉम्पलेक्स में आयोजित होने वाले इस पुस्तक मेले में कई नामी प्रकाशक अपनी भागीदारी निभाएंगे। मेले के दौरान विभिन्न साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ साहित्यकार एसआर हरनोट ने बताया कि यह आयोजन किताबों से दोस्ती तक सीमित न रह कर साहित्यकारों और पाठकों के बीच संवाद की मजबूत कड़ी भी बनेगा। जिसमें कवि दरबार, बाल साहित्य एवं हिंदी साहित्य और अनुवाद पर केंद्रित विशेष कार्यक्रमों का आयोजन इस बार के इस आठवें राष्ट्रीय पुस्तक मेले में किया जा रहा है। आठवें राष्ट्रीय पुस्तक मेले का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल द्वारा 21 जून को किया जाएगा। जबकि 22 जून को ऐतिहासिक गेयटी सभागार में किया जाएगा। इस अवसर पर साहित्यकार एवं शिक्षाविद प्रो. अब्दुल बिस्मिल्लाह का सानिध्य प्रदेश के साहित्यकारों को प्राप्त होगा। जबकि 23 जून को बाल साहित्य मंच और 25 जून को हिमाचल के हिंदी साहित्य पर केंद्रित हिंदी साहित्य और अनुवाद कार्यक्रम निर्धारित रहेगा। हिंदी के तीन उपन्यासों के अंग्रेजी अनुवाद पर होगी चर्चा



राष्ट्रीय पुस्तक मेले के दौरान आयोजित होने वाले हिंदी साहित्य और अनुवाद कार्यक्रम में हिंदी के तीन उपन्यास जो हिमाचल के साहित्यकारों द्वारा लिखे गए हैं, जिनका हाल ही में अंग्रेजी में अनुवाद हुआ है, पर चर्चा की जाएगी। वरिष्ठ साहित्यकार एसआर हरनोट ने बताया कि हिमाचल के उपन्यासकार डा. गंगा राम राजी के उपन्यास जनरल जोराबर सिंह कलहुरिया, त्रिलोक मेहरा के उपन्यास मुंडु और मुरारी शर्मा के उपन्यास देबकू एक प्रेम कथा का हाल ही में हिमाचल के साहित्यकार अनुवादक पंकज दर्शी द्वारा अंग्रेजी में अनुवाद किया गया है। उन्होंने बताया कि पुस्तक मेले के दौरान 25 जून को गेयटी सभागार में इन तीनों उपन्यासों और हिमाचल में हिंदी लेखन को लेकर चर्चा की जाएगी। इस मौके पर अंग्रेजी की साहित्यकार उषा बंदे का सानिध्य साहित्यकारों को मिला और प्रो. मीनाक्षी पॉल जो कई रचनाओं का अंग्रेजी में अनुवाद कर चुकी है कार्यक्रम की अध्यक्षता करेगी।

# सोपान जांच शिविर में 107 ने लिया भाग

**एसपी जैरथ**

**नाहनः भारत** स्काउट एंड गाइड्स संगठन सिरमौर द्वारा जिला स्तरीय तृतीय सोपान जांच शिविर एवं राज्यपाल पुरस्कार पूर्व तैयारी शिविर का आयोजन एसएफ डीए हाल नाहन में आयोजित किया गया। इस शिविर में जिला के 107 स्काउट गाइड्स तथा 19 स्काउट मास्टर्स एवं गाइड कैप्टन ने भाग लिया। जिला सिरमौर स्काउट एंड गाइड के जिला संयोजक आयुक्त डा. संजीव अत्री ने बताया कि राज्य स्तरीय स्काउट एंड गाइड के तृतीय सोपान जांच शिविर एवं राज्यपाल पुरस्कार तैयारी को लेकर जिला मुख्यालय नाहन में स्काउट एंड गाइड्स का शिविर



आयोजित किया गया। इस शिविर में जिला भर के 107 स्काउट ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि शिविर में तृतीय सोपान की जांच परीक्षा हेतु राज्य प्रशिक्षण आयुक्त सुषमा अत्री, जिला उप प्रशिक्षण आयुक्त वीर सिंह, जिला ग्रोथ समन्वयक सुशील कुमार, जिला संयोजक आयुक्त विनय शर्मा, विजय शर्मा, शालिनी वर्मा और प्रमिला शर्मा आदि ने इस शिविर में सहयोग दिया।

# अक्सर हो रही दुर्घटनाओं से लोगों में भय का माहौल

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर**

**गोहरः** गर्मी के मौसम में प्रदेश व पड़ोसी राज्यों से हजारों की तादाद में पर्यटक जिला मंडी के अति रमणीक स्थल माता शिकारी शैउटाधार, देवीदहढ़ व देव कमरूनाग के दर्शन के लिए आते हैं। मगर पिछले कुछ समय से देखने में आया है बड़ादेव देव श्री कमरूनाग के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की गाडियां अक्सर वापसी पर जवाल शाला गांव के आसपास अक्सर दुर्घटना ग्रस्त हो रही है। पिछले लगभग एक महीने के समय में 7 से 8 गाडियां देव श्री कमरूनाग के दर्शनों से वापसी पर दुर्घटनाग्रस्त हुई जिसमें काफी लोगों को गंभीर चोटें आई हैं मगर भगवान के शुक्र है इन दुर्घटनाओं में किसी भी श्रद्धालु को जान से हाथ नहीं धोना



पड़ा। मगर बार-बार हो रही दुर्घटनाओं से स्थानीय लोगों व श्रद्धालुओं में एक भय का माहौल जरूर बना है। कि आखिर देवता के दर्शन करने के बाद वापसी पर एक के बाद एक हो रही दुर्घटनाओं के पीछे आखिर राज क्या है। क्या यह कोई दैवीय प्रकोप है या चालकों की लापरवाही का नतीजा। इन दुर्घटनाओं को लोग दोनों ही नजरियों से देख रहे हैं। कुछ बुजुर्गों का कहना है जब हम लोग देवता के दर्शन करने जाते हैं तो हमें बहुत ही साधारण व धार्मिक प्रवृत्ति के साथ देव दर्शन करने चाहिए ताकि हमारी श्रद्धा भाव से देव कमरूनाग खुश हो और सदैव हमारे ऊपर अपना आशीर्वाद बनाए रखें। मगर अक्सर देखने में आया है श्रद्धालु जाते तो देवता के दर्शन के लिए हैं शराब अंडा मीट सब कुछ लेकर जाते हैं और देव परंपरा सनातन परंपरा क बदनाम करते हैं जिस वजह से देव प्रकोप का दंड मिलता है। वहीं पर कुछ लोगों का कहना है देव कमरूनाग जी का दर्शन स्थल बहुत ही ऊंचाई पर स्थित है । लोग वहां गाडियां ले जाते हैं मगर वापसी पर बहुत उतराई होने के कारण गाडियों के चक्के अक्सर गरम हो जाते हैं जिस वजह से अक्सर क गाड़ियों की ब्रेक फेल हो जाती है, जिस वजह से यह दुर्घटना हो रही है। चालकों को वापसी पर हमेशा बड़े गियर पर गाड़ी उतारनी चाहिए ताकि चक्का गर्म होने की संभावना कम हो और गाडियां ब्रेक ना छोड़े। कुछ भी हो अगर हम अपनी सनातनी परंपरा को देखें तो बुजुर्गों की की बात बिल्कुल सही नजर आती है कि लोग अपनी सनातनी परंपरा को भूलते जा रहे हैं और देव स्थल पर जाकर उल्टे सीधे काम करते हैं जिससे दैवीय प्रकोप का भाजी बनना पड़ता है।

# उपायुक्त ने जल शक्ति विभाग को दिए दिशा-निर्देश

## लोगों को किसी भी प्रकार की पेयजल समस्या का सामना न करना पड़े

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** जिला के लोगों को पर्याप्त मात्रा में सुचारू पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए जल शक्ति विभाग के साथ माह अप्रैल से नियमित रूप से बैठके की जा रही है ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की पेयजल समस्या का सामना न करना पडे। यह जानकारी उपायुक्त अपूर्व देवगन ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ विडियो क्रांफ्रे सिंग के माध्यम से आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उपायुक्त ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति की कमी से





सम्बन्धित समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिए जलापूर्ति योजनाओं को लगातार चलाने के निर्देश दिए ताकि लोगों को नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति की जो योजनाएं जल स्त्रोतों के सूखने के कारण प्रभावित हुई हैं उन क्षेत्रों में सुचारू पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए अन्य योजनाओं से पानी उठाया जाए ताकि उन क्षेत्रों में भी पर्याप्त जलापूर्ति की जा सके। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि पेयजल को व्यर्थ न गवांए और न ही सिंचाई के लिए उपयोग में लाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जल शक्ति विभाग के अधिकारियों ध्कर्मचारियों की छुट्टियां पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है तथा उन्हें अपने-अपने स्थानों पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में एडीसी रोहित राठौर, एडीएम डा. मदन कुमार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिला के समस्त एसडीएम तथा जल शक्ति विभाग के समस्त अधिकारी ऑनलाईन जुडे।

# सुख सम्मान निधि योजना के लिए उमड़ी महिलाओं की भीड़

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः मंडी जिला** में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के लिए 1500-1500 रुपए देने की प्रकिया शुरू हो गई हैं। सम्मान निधि योजना के लिए बुधवार को भारी संख्या में महिलाओं ने वैलफेयर ऑफि स में फ ॉर्म जमा करवाए। इस दौरान महिलाएं काफ ी उत्साहित दिखी।महिलाओं की मानें तो चुनावों के दौरान कांग्रेस ने प्रदेश की महिलाओं को 1500-1500 रु देंने का वायदा किया था जिसके तहत अब फ ॉर्म भर रही हैं। इन्दिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा आदर्श आचार



संहिता से पूर्व 16 मार्च तक योजना के अन्तर्गत प्राप्त समस्त आवेदन पत्रों को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस स्वीकृति के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही हेतु 1500 रुपये प्रतिमाह की दर से जिलेवार राशि का आवंटन भी कर दिया गया है। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि जिला मंडी में इन्दिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत प्रदेश में आदर्श आचार संहिता से पूर्व 6019 आवेदन प्राप्त हुए थे। इन सभी 6019 आवेदनों को सरकार द्वारा मंजूर कर लिया गया है और इसके लिए कल्याण विभाग को 2,70,85,583 रु की राशि जिला मंडी हेतु प्राप्त भी हो गई है।उन्होंने ने बताया कि आचार संहिता लागू होने से पहले प्राप्त आवेदनों के दस्तावेजों की जांच तहसील कल्याण अधिकारियों द्वारा की जा रही है। जांच उपरांत 3187 मामले तहसील कल्याण अधिकारियों से प्राप्त हो चुके है और इन्हें स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। जांच उपरांत इन आवेदनों को भी स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों को राशि का भुगतान करने की प्रक्रिया आरम्भ की जा चुकी है तथा आगामी दिनों में लाभार्थियों के खातों में 4500 रु प्रति लाभार्थी जमा हो जाएंगे।

# सूर्य देव का कहर, पर्यटक पहाड़ों की ओर

**एसपी जैरथ**

**पांवटा साहिब : प्रचंड गर्मी का प्रकोप लगातार** बढ़ता जा रहा है, पावंटा साहिब में आज जहां 44 डिग्री में ट्रैफि क पुलिस का जवान सीना तान बिगड़ैल वाहन चालकों पर शिकंजा कसने के लिए सडकों पर मुस्तैद है। वही गर्मी में भी पांवटा ट्रैफि क पुलिस के जवान यातायात बाधित ना हो उसके लिए लगातार प्रयास कर रहे है। क्योंकि गर्मी पिक पर देखते हुए इन दिनों पर्यटक भी पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। दरअसल पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए दिन रात काम कर रही है, पुलिस जवानों के लिए न तो कोई रविवार होता है, न होली और न ही दीवाली इस दिन भी कोई दुर्घटना या कोई लड़ाई झगड़ा न हो पुलिस हो या ट्रैफि क पुलिस चौक चौराहों पर निगरानी रखेगी न घर का पता है न परिवार का। उन्हें ना तो सुबह की खबर होती है और न ही शाम की। न सर्दी की



ठिठुरन में आराम करने को मिलता है और ना ही गर्मी में। उनका कोई स्थानीय पता है तो वह है बस थाना या चौकी का। अपनी ड्यूटी का और वर्दी का। वहीं ग्राउंड जीरो पर देखा तो विभिन्न जगहों का निरीक्षण किया तो यहां पर ट्रैफिक पुलिस के जवान नजर आए वहीं ट्रैफिक इंचार्ज से जब बातचीत की तो उन्होंने कहा कि पांवटा साहिब में एक्सीडेंट का ग्राफ कम करने के लिए पिछले लंबे समय से ट्रैफिक पुलिस की टीम काम कर रही है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के ऊपर ट्रैफि क पुलिस टीम ऑनलाइन चालान भी कर रही है।

इसके अलावा ओवर स्पीड में दौड? वाले वाहन चालकों पर भी अब नकेल कसी जा रही है ताकि यातायात शहर में बाधित न हो और एक्सीडेंट की ग्राफ भी कम हो। वही उनसे जब प्रचंड गर्मी को लेकर बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि पांवटा साहिब में सभी ट्रैफि क जवान अपने कार्य को ईमानदारी से निभा रहे हैं। व्यस्त सडकों और वीवीआइपी मूवमेंट के बीच धूप हो या बारिश हर परिस्थिति में ट्रैफि क पुलिस के जवानों को सडक पर खड़े होकर ही अपनी ड्यूटी निभानी पड़ती है।

# शिमला के रिज मैदान पर मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है वहीं इस बार के मैदान पर योग दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जहां पर प्रदेश के राज्यपाल सहित अन्य मंत्री भी योग दिवस में शामिल होंगे इसके अलावा प्रदेश के सभी आयुर्वेदिक संस्थानों पर भी योग दिवस मनाया जाएगा। आयुष एवं खेल मंत्री यादवेंद्र घूमने कहा कि 21 जून को योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर राजधानी शिमला के रिज मैदान पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन



किया जा रहा है इसके अलावा जिला और ब्लॉक स्तर पर आयुर्वेदिक संस्थानों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे उन्होंने खासकर शिमला वासियों से 21 जून को योग दिवस में शामिल होने का आग्रह भी किया उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग करना जरूरी है।

# गाय काटते हुए वीडियो वायरल किया, हिन्दू संगठनों ने की पुलिस में शिकायत

**एसपी जैरथ**

**नाहनः** गाय काटते हुए वीडियो व फोटो सोशल मीडिया में वायरल करने वाले करने वाले एक बहारी दुकानदार के खिलाफ हिन्दु संगठन व अन्य लोग भडके है। गुस्साए लोगों ने बड़ा चौक बाजार में नारेबाजी की तथा आरोपी दुकानदार के खिलाफ एसपी को शिकायत सौंपी है। हिन्दु संगठनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि वायरल वीडियो में गाय काटते जो व्यक्ति दिखाई दे रहा है वो नाहन में एक दुकान चलाता है। लोगों विरोध करते हुए कहा कि वीडियो सोशल मीडिया पर डाले जाने से हिन्दुओं



की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। आरोपी दुकानदार ने यह सब करके हिन्दुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत कर माहौल बिगाडना चाहता हैं। लोगों ने कहा कि नाहन बेहद शांतिप्रिय शहर है लेकिन लगते राज्यों से विशेष समुदाय के लोग अपनी दुकानदारी चलान के यहां रहने लगे है। कुछ लोग इस तरह के कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। लोगों चेतावनी देते कहा कि अगर जल्द आरोपी लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कारवाई नही की गई तो प्रर्दशन होगा।

# शिक्षा विभाग के उप-निदेशकों के साथ अभिविन्यास बैठक का आयोजन



**चमन शर्मा**

**शिमला: हिमाचल** प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा गत दिवस को शिक्षा विभाग के सभी उप-निदेशकों के लिए अभिविन्यास (ओरिएन्टेशन) बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए परियोजना निदेशक राजीव कुमार ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षा विभाग के माध्यम से प्रदेश के सभी स्कूलों के विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि युवाओं और बच्चों को अगर एचआईवी के बारे में पूरी जानकारी होगी तो वह स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकेंगे।प्रदेश के युवाओं में एचआईवी से संक्रमित होने की प्रतिशतता के मद्देनजर राज्य एड्स नियंत्रण समिति युवाओं को जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर पर कदम उठा रही है। राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा व्यस्क शिक्षा कार्यक्रम के तहत 1,997 स्कूलों में 18 घंटे का पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। इस पाठ्यक्रम के जरिए नौवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को आयु अनुसार एचआईवी के विषय में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। परियोजना निदेशक ने कहा कि व्यस्क शिक्षा कार्यक्रम के तहत 3,994 शिक्षकों को जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा किए जा रहे प्रयासों में भरपूर सहयोग करें ताकि राज्य के बच्चों और युवाओं को एचआईवी और नशे के सेवन करने जैसी बुरी आदतों से बचाया जा सके।

**व्यापक स्तर पर**

**शिक्षा विभाग के माध्यम से प्रदेश के सभी स्कूलों के विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक करना है**

सभी शिक्षा उप-निदेशकों को एचआईवी के संबंध में वर्ष भर आयोजित किए जाने वाले जागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश भी दिए।

# निगम ने बस खोड़ाथाच तक नहीं चलाई तो होगा आंदोलन: राणा

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** भारत की जनवादी नौजवान सभा बालीचौकी ने हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम कुल्लू स्थानीय प्रशासन व सरकार की लचर कार्य प्रणाली की कड़े शब्दों में निंदा की है। यह जानकारी महेंद्र सिंह राणा जिला अध्यक्ष भारत की जनवादी नौजवान सभा जिला कमेटी मंडी ने दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बालीचौकी सुधारानी थाटा बस पिछले एक वर्ष से मात्र सुधरानी तक जा रही है। पूरे क्षेत्र में यह एकमात्र बस है जो हमारे न्यायालय परिसर गौहर तक सीधे जाती है। क्षेत्र के तमाम न्यायालय जाने वाले लोग इसी बस में सफ र करते हैं। यहां तक कि स्कूल और महाविद्यालय जाने वाले छात्र भी इसी बस में सफ र करते हैं। परंतु दुर्भाग्य यह है कि यह बस मात्र सुधरानी तक जा रही है जबकि सडक पूरी तरह से ठीक है। इसकी वजह से क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा सडक फि टनेस सर्टिफि केट जारी किया गया है परंतु हिमाचल पथ परिवहन निगम के कर्मचारी बस को सुधरानी से आगे नहीं ले जा रहे हैं। दूसरी ओर निजी बसें लगातार खोडाथाच तक जा रही है। यहां तक कि एलएनटी मशीन को लेकर निजी ट्राला भी इस सडक में खोडाथाच पहुंच गया है। नौजवान सभा क्षेत्रीय कमेटी बालीचौकी पथ परिवहन निगम से मांग करती है कि अपनी पथ परिवहन निगम की बस को शीघ्र अति शीघ्र खोड़ाथाच तक चलाया जाए अन्यथा नौजवान सभा को मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा। आंदोलन की पूरी की पूरी जिम्मेवारी प्रशासन की होगी।

**निंदा की**

**पथ परिवहन निगम कुल्लू स्थानीय प्रशासन व सरकार की लचर कार्य प्रणाली की कड़े शब्दों में निंदा की**

## संक्षिप्त खबरें

### कांगड़ा बाईपास स्थित बनेर खड्ड में नहाने उतरा रैहन का युवक डूबा

**विजय समयाल**

**कांगड़ा:** कांगड़ा बाईपास स्थित बनेर खड्ड में नहाने उतरा रैहन का युवक डूबा गया। युवक अपने दो अन्य साथियों के साथ ट्रेन के माध्यम से यहां पहुंचा था। तीनो ने मौका देखकर खड्ड में नहाने का मन बनाया, लेकिन तीनो को ही तैरना नहीं आता था। इसपर दो युवकों ने खड्ड में उतरने से असहमति जताई। जबकि एक युवक जान जोखिम में डाल कर खड्ड में नहाने छलांग लगा कर उतर गया। काफ ी देर बाद भी जब युवक नजर नहीं आया तो उसके साथियों को उसकी चिंता होने लगी। युवकों ने शोर मचाना शुरू किया। तब मौके पर आसपास के लोग पहुंचे और उन्होंने एनडीआरएफ , पुलिस व अग्नि शमन विभाग के कर्मियों को मदद के लिए बुलाया। मौके पर पुलिस और एनडीआरएफ की टीम तो पहुंची लेकिन तबतक युवक पूरी तरह से डूब चुका था। युवक का नाम सूरज बताया जा रहा है। मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने बताया कि यह तीनो युवक रैहन के रहने वाले है। इस मामले की सूचना युवक के घर वालों को इसके साथियों ने दे दी है। युवक को करीब एक घंटे की काफी छानबीन कर बाहर निकला गया। पानी के अत्याधिक मटमेला होने की वजह से युवक खड्ड में कहीं भी दिखाई नहीं दे रहा था। अकसर गर्मियों में कई लोग तैरना ना आने के बाद भी नदियों, खड्डो में नहाने चले जाते है जिसके कारण कई लोग अपनी जान गवा बैठते हैं। लोगो को अपनी जान को जोखिम में डालकर नदियों खड्डों में नही उतरना चाहिए। हिमाचल में कई बार अचानक नदियों खड्डों में तेज बहाव से पानी आने पर भी लोग अपनी जान से हाथ दो बैठते है। जिन्हे बाद में काफी मशक्कत के बाद बाहर निकला जाता है।

### कार्यकताओं की कड़ी मेहनत से जीती भाजपा : गोविंद सिंह ठाकुर




**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** लोकसभा चुनाव में मंडी सीट जितने के बाद भाजपा के मंडी जिला के पदाधिकारियों ने समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने की। इस बैठक में विशेष रूप से मंडी लोकसभा के प्रभारी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

गोविंद ठाकुर ने मंडी लोकसभा की जीत पर सभी मंडी जिला के पदाधिकारियों को बधाई दी व सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर के मार्गदर्शन व सभी कार्यकत्ताओं की मेहनत के कारण यह जीत हुई है। नरेंद्र मोदी के नेतृतव में लगातार तीसरी बार केंद्र में एनडीए की सरकार बनी है। मोदी सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों के कारण ही मंडी लोकसभा के साथ-साथ हिमांचल की चारो सीटे जीती।

बैठक में सभी मंडलो के कार्यक्रमों व चुनावों को लेकर अपने अनुभव साझे किये। लोकसभा के सयोंजक एवं बल्ह के विद्यायक इंद्र सिंह गांधी व प्रदेश उपाध्यक्षा पायल वैद्य ने भी अपने अनुभव सांझे किए। पायल ने कहा कि आने बाले समय मे योग दिवस के दिन हम सभी कार्यक्रमों में भाग ले। विद्यायक इंद्र सिंह गांधी ने भी जगत प्रकाश नड्डा के केंद्र में मंत्री बनने पर भी सभी को बधाई दी।

इस बैठक में गोविंद ठाकुर, डॉक्टर ओमराज शर्मा, महामंत्री संजय, सहित आदि उपस्थित रहे।

# पर्यटकों की सुविधा व सहायता के लिए पर्यटन विभाग व प्रशासन तत्पर

**हामिद**

**चंबा:** जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में पर्यटन सीजन अपने चरम पर है तथा रोजाना यहां हजारों की संख्या में पर्यटकों का आगमन हो रहा है। उन्होंने बताया कि जिला में पर्यटकों की सुविधा व सहायता के लिए पर्यटन विभाग व प्रशासन तत्पर है। पर्यटकों को किसी असुविधा या परेशानी या किसी भी पर्यटन ईकाई जैसे होटल, रैस्तरा, होमस्टे, जलक्रीड़ा केन्द्र, साहसिक गतिविधियों में कोई धोखाधडी, अनियमता या अभद्र व्यवहार का सामना करना पडता है तो इसकी शिकायत पर्यटन विभाग चम्बा, पुलिस एंव स्थानीय प्रशासन को कर सकते है। ताकि त्वरित रूप से उसका सामाधान किया जा सके। उन्होंने पर्यटकों से भी आग्रह किया है कि वे सभी व्यवस्थाओं को बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि जिला चम्बा के मुख्य पर्यटन स्थलों डलहौजी, खज्जियार व चम्बा के अतिरिक्त कई अन्छुए पर्यटक स्थलों बैरागढ़, तीसा, साचपास, पांगी, सूलणी, भादल, भरमौर, कुगती व जोत आदि जगहों की ओर भी काफ ी तादाद में पर्यटक आ रहे है। विभाग और प्रशासन द्वारा पर्यटकों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# 1160 युवा मंडल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर करें योग: डॉ. लाल सिंह

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** अमूल्य जीवन को संतुलित एवं स्वस्थ रखने के लिए योग सभी प्राणियों के लिए अत्यंत प्रासंगिक है ये उदगार डॉ लाल सिंह, उप निदेशक नेहरू युवा केंद्र कुल्लू ने महिला कल्याण मंडल भवन के सभागार में प्रशिक्षणार्थियों से बातार्लाप करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि नेहरू युवा केंद्र संगठन, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सम्पूर्ण राष्ट्र में आयुष मंत्रालय द्वारा बनाये गई योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत युवा संस्थाओं, राष्ट्रीय सेवा योजना वालंटियर्स, नेहरू युवा केंद्र वालंटियर्स, राष्ट्रीय कैडेट कोर,



स्काउट एंड गाइड्स, रेंजर्स एंड रोवर्स के प्रतिनिधियों व उनके परिवारों के साथ पतंजलि, आर्ट ऑफ लिविंग, प्रादेशिक सरकारों के आयुष विभागों के गुणवान व प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर्स द्वारा आगामी 21 जून 2024 को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगिक करियों में सहभागी बनेंगे।इस क्रम में उन्होंने कुल्लू जिला में गठित 1160 युवा मंडलों से आग्रह किया कि वे योग दिवस में शामिल होकर स्वस्थ समाज व स्वस्थ राष्ट्र कि अवधारणा को अग्रसारित करने में अपनी अहम्‍ भूमिका निभाए।

# सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा गर्मी में घर द्वार लोगों को दे रही स्वास्थ्य सुविधा

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन मे प्रयास संस्था द्वारा संचालित अस्पताल–सांसद मोबाईल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम प्रीति, मनीष, निहाल ने डॉ प्रदीप के नेतृत्व मे गांव व ग्राम पंचायत गोंदपुर जयचंद की बेलदार बस्ती में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 87 लोगों की स्वास्थ जांच की गईव 40 लोगों के ब्लड टेस्ट किए गए। जिसमे उच्च रक्तचाप के 05, शुगर के 06, जोड़ों के दर्द के 29 लोग पाए गए। स्वास्थ्य शिविर के दौरान बजुर्गों, महिलाओ एवं बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्तजांच निरूशुल्क की गई। मरीजों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाईयों का वितरण भी नि:शुल्क किया।

# चामुंडा नर्सिंग संस्थान की छात्राओं को बताए थैरेपी के महत्व

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** चामुंडा इंस्टिट्यूट ऑफ . मेडिकल साइंस एवं नर्सिंग कॉल्लेज मौहल के 40 छात्राओं नें साम्फि या फ उंडेशन के आश बाल विकास केंद्र का दौरा किया जिस दौरान छात्राओं नें थैरेपी सेवाओं की बारीकियों को जाना। बीजू हिमदल कार्यक्रम प्रबंधक नें छात्राओं को केंद्र में दी जाने वाली जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी दी तथा सभी थैरेपी सेवाओं के बारे में भी अवगत कराया जिसमें फि जियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थैरेपी एवं स्पेशल एजुकेशन शामिल हैं, उन्होंने छात्राओं को साम्फि या फ उंडेशन



द्वारा दिव्यांग बच्चों के विकास के लिए चलाए जा रहे थैरेपी ऑन व्हील्स एवं समावेशी कार्यक्रम की भी जानकारी दी। साथ ही उन्होंने चामुंडा कॉल्लेज के प्रबंधन एवं स्टाफ सदस्यों का केंद्र को इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए चिन्हित करने के लिए आभार जताया। पवना, उप प्रधानाचार्य, चामुंडा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एवं नर्सिंग कॉल्लेज नें जानकारी देते हुए बताया कि नर्सिंग छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत आश केंद्र में लाया गया था।

# पांचवें दिन दो नामांकन दाखिल

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**शिमला:** निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने गत दिवस को बताया कि तीन विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाले उप.चुनाव के लिए नामांकन के पांचवें दिन नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से हरदीप सिंह बावा (44) सुपुत्र अमरजीत सिंह बावा, गांव ढ़ाणा, डाकघर भाटियां, तहसील नालागढ़, जिला सोलन ने इण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी तथा परमिंदर कौर बावा (43) पत्नी हरदीप सिंह बावा गांव ढ़ाणा, डाकघर भाटियां, तहसील नालागढ़ ने कांग्रेस की कवरिंग प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। जबकि हमीरपुर व देहरा विधानसभा क्षेत्रों में आज कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ।

# कांग्रेस ने जरूरतमंद लोगों के उत्थान हेतु योजनाएं बनाई: इंदु

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता इंदु पटियाल ने कहा है कि कांग्रेस ने हमेशा गरीब, कमजोर और जरूरतमंद लोगों के उत्थान हेतु केवल योजनाएं ही नहीं बनाई बल्कि उन्हें धरातल पर उतार कर चुनावों में दी गई। गारांटियों को पूरा भी किया है।



इसी कड़ी में 20 से 60 वर्ष की जरूरतमंद महिलाओं को 1500 रूए की राशि जारी की गई है। कुल 3173 महिलाओं को 1,42 करोड़ रूए की राशि जारी कर सरकार ने अपना वादा निभाया है। उक्त महिलाओं को तीन माह की राशि एकमुश्त 4500 रूए प्रति महिला प्रदान किए हैं, जबकि इस बाबत फॉर्म भरने की प्रक्रिया जारी है। जिला कल्याण अधिकारियों को शीघ्र छंटनी कर सूचियां प्रेषित करने के निर्देश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दिए हैं ताकि सरकार द्वारा चलाई गई इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना का लाभ प्रदेश की सभी महिलाओं को मिल सके। प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि सरकार ने इस योजना का शुभारंभ जिला लाहौल स्पीति से किया और जनजातीय क्षेत्र की 1171 महिलाएं प्रथम चरण में लाभार्थी बनी, कुल्लू में 1451, किनौर में 309, मंडी में 3187, शिमला में 2569, सिरमौर में 4128, चंबा में 1245 और ऊना में 7280, महिलाओं के बैंक खातों में तीन माह की राशि का भुगतान कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस सरकार ने इस योजना के लिए जिला कल्याण अधिकारियों को 21,79 करोड़ रूए का बजट जारी किया है और इसे क्रमवद महिला लाभाथीयों तक अविलंब भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं।

**वादा निभाया**

**महिलाओं को तीन माह की राशि एकमुश्त 4500 रूए प्रति महिला प्रदान किए हैं: इंदु पटियाल**

# पथ परिवहन निगम बंजार के रूटों पर चला रहा खटारा बसें, यात्रिक रूप से दुरुस्त बसों का प्रावधान करे निगम: शौरी

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू:** ग्रामीण क्षेत्रों में पथ परिवहन निगम यातायात का प्रमुख साधन उपलब्ध कराता है। सरकारी बसों की सवारी ग्रामीण क्षेत्रों की भरोसेमंद व पसंदीदा सवारी रही है। बंजार क्षेत्र में तपती गर्मी, ट्रैफि क, खस्ताहाल सडकों व जलसंकट जैसी समस्याओं से जनता आजकल दिनों दिन दो-चार होने को मजबूर है। इसके इतर आए दिन ही पाथ परिवहन की बसों में ख?ाबी की खबरें सामने आ रही हैं। बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने सरकारी बसों की खस्ता हालत पर चिंता जताते हुए कहा है कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में जगह जगह से बसों में ख?ाबी की शिकायतें सामने आ रही हैं। बीते कल ही चनौन रूट पर पथ परिवहन निगम की बस की ब्रेक फेल होने कई जिंदगियों पर जान की बन आई थी।



इसके अलावा कुछ दिन पूर्व छेत के समीप सरकारी बस में आग लगने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना भी सामने आई थी। बसों में खराबी से रूट पर बस सेवा बंद हो जाना आम बात हो चली है। गोही व रैला बस रूटों पर भी ग्रामीणों ने निगम द्वारा खटारा व नकारा बसों को चलाने की शिकायत की है व इन बसों को बदलने की माँग उठाई है।

विधायक शौरी ने कहा है कि बंजार क्षेत्र में सडकों की दुर्दशा व भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप यांत्रिक रूप से दुरुस्त बसें चलाई जानी चाहिए। सरकार की अनदेखी जनता को जोखिम भरा सफ? करने पर मजबूर कर रही है। सरकार व निगम बस रूटों का पुनरू आकलन कर जनहित में दुरुस्त बसों का परिसंचालन करे।

# श्रीलंका में जाइका प्रोजेक्ट का मॉडल बनेगा हिमाचल

**विजय समलया**

**धर्मशाला:** जाइका वानिकी परियोजना के उत्कृष्ट कार्य देखने के लिए श्रीलंका की टीम हिमाचल पहुंची। यहां हुए कार्यों को देख श्रीलंका में हिमाचल प्रदेश जाइका प्रोजेक्ट का मॉडल बनेगा। यानी आजीविका सुधार, महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार समेत अन्य क्षेत्रों में हुए कार्यों को हिमाचल की तर्ज पर श्रीलंका में काम होगा। यह बात श्रीलंका के विभिन्न मंत्रालयों से हिमाचल दौरे पर पहुंचे प्रतिनिधियों ने कही। भारत का पड़ोसी राष्ट्र श्रीलंका के विभिन्न मंत्रालयों के 10 प्रतिनिधि और जाइका इंडिया की प्रोजेक्ट फॉमूर्लेशन एडवाइजर इनागाकी युकारी दो दिवसीय हिमाचल दौरे पर हैं।




बुधवार को यह टीम धर्मशाला पहुंची, जहां परियोजना के मुख्य निदेशक समीर रस्तोगी और परियोजना निदेशक श्रेष्ठा नन्द शर्मा ने स्वागत किया। पीएमयू शिमला और डीएमयू धर्मशाला की टीम भी मौजूद रही। हिमाचल दौरे के पहले दिन श्रीलंका की टीम ने वन मंडल धर्मशाला के करेरी में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान श्रीलंका के प्रतिनिधियों ने कहा कि हिमाचल में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं श्रीलंका की तुलना में अच्छा काम कर रही हैं। जाइका वानिकी परियोजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों में बेहतरीन भागीदारी देख श्रीलंका की टीम ने यहां की महिलाओं की पीठ थपथपाई। उन्होंने यहां उपस्थित विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं ग्राम वन विकास समिति के पुरुष प्रतिनिधियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने श्रीलंका में जाइका के तहत हो रहे कार्यों को सांझा किया। जाइका इंडिया की प्रोजेक्ट फॉमूलेशन एडवाइजर इनागाकी युकारी ने महिलाओं को सशक्तिकरण और आजीविका सुधार का पाठ पढ़ाया। मुख्य परियोजना निदेशक समीर रस्तोगी ने श्रीलंका की टीम को परियोजना की सभी गतिविधियों से अवगत करवाया।

**परियोजना**

**जाइका वानिकी परियोजना के उत्कृष्ट कार्य देखने के लिए श्रीलंका की टीम हिमाचल पहुंची**

# चंबा, भरमौर, पांगी में ट्राइबल आर्टिसन एम्पैनलमेंट मेले का होगा आयोजन: सहायक आयुक्त

## उत्कृष्ट उत्पाद एवं स्थानीय उपज होगी सूचीबद्ध

**हामिद**

**चंबा :** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के तहत ट्राइबल को-ऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन के तत्वावधान में चंबा, भरमौर तथा पांगी में ट्राइबल आर्टिसन एम्पैनलमेंट मेले का आयोजन किया जाएगा। सहायक आयुक्त पीपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनजातीय क्षेत्र से संबंधित लोगों द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पादों तथा स्थानीय उपज को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाजार उपलब्ध करवाने के लिए ट्राइबल को-ऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन द्वारा 26 जून को बचत भवन चंबा, 28-29 जून को चौरासी मंदिर परिसर के समीप साडा भवन भरमौर तथा 1 जुलाई को लाइब्रेरी भवन पांगी में ट्राइबल आर्टिसन एम्पैनलमेंट मेले का आयोजन किया जाएगा। पीपी सिंह ने बताया कि मेले के आयोजन का उद्देश्य जनजातीय कारीगरों को अपने कलात्मक कौशल दिखाने तथा आर्थिक सशक्तिकरण के लिए उद्यमिता विकास को लेकर प्रोत्साहित करना है। उन्होंने यह भी बताया कि मेले के दौरान प्रतिभाशाली कारीगरों के शिल्प-कौशल के तहत तैयार उत्कृष्ट उत्पाद एवं स्थानीय उपज को विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा सूचीबद्ध किया जाएगा।



# ग्रीष्मोत्सव की आखिरी सांस्कृतिक संध्या में मुख्यमंत्री ने बतौर मुख्यतिथि की शिरकत

**ऐतिहासिक उत्सव**

**▶▶ ग्रीष्मोत्सव शिमला एक ऐतिहासिक उत्सव है तथा वे शुरू से इस उत्सव का आनंद लेते आए हैं: सीएम**

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत सायं अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला की आखिरी सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि ग्रीष्मोत्सव शिमला एक ऐतिहासिक उत्सव है तथा वे शुरू से इस उत्सव का आनंद लेते आए हैं और हमारा प्रयास है कि शिमला में अधिक से अधिक पर्यटक आएं तथा यहां की वादियों का लुत्फ उठाएं तथा आनंदित होकर यहां से जाएं। उन्होंने कहा कि मेले एवं उत्सव हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाते हैं, जिनके संरक्षण के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के विभिन्न भागों में अनेक मेले आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्मारिका का विमोचन भी किया। उपायुक्त एवं अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव



शिमला आयोजन समिति अनुपम कश्यप ने मुख्यतिथि तथा अन्य अथितिगणों को सम्मानित किया। आखिरी संध्या का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध गायक दलेर मेहंदी रहे, जिन्होंने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया।

ग्रीष्मोत्सव में चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट द्वारा आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें बाल आश्रम टूटीकंडी, बाल आश्रम मशोबरा के छात्र-छात्राओं द्वारा मनभावन प्रस्तुति दी गई। ग्रीष्मोत्सव में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पटियाला एनजेडसीसी के कलाकारों ने प्रतिदिन बहरूपिया, कच्ची घोड़ी, वायोस्कोप व कठपुतली की प्रस्तुति दी। ग्रीष्मोत्सव के आखिरी दिन राजकीय उच्च पाठशाला कैथू, चौप्सली स्कूल शिमला, एनजेडसीसी पटियाला उत्तराखंड जोनसारी नृत्य पंजाब, एनजेडसीसी पटियाला पंजाब भांगड़ा और जिंदुआ, एनजेडसीसी पटियाला उत्तर प्रदेश के कलाकारों द्वारा बरसाना की होली, मयूर नृत्य प्रस्तुत किया गया।

# मुख्यमंत्री आवास पर सत्ताधारी दल के नेता को बंधक बनाकर अपनी बात मनवाना शर्मनाक : जयराम

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला से बयान जारी कर कांग्रेस नेता राजेश शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री पर लगाए गये आरोपों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि एक प्रदेश के मुख्यमंत्री पर ही अपने पार्टी के नेता को अपने आधिकारिक निवास में बंधक बनाकर उसे धमकी देकर अपनी बातें मनवाने का मामला अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है। जिस तरह के आरोप कांग्रेस के पार्टी के नेता और पूर्व में देहरा से प्रत्याशी रहे नेता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पर लगाए हैं, वैसा आज तक प्रदेश में किसी ने सुना भी नहीं होगा। जिस आवास से प्रदेश के लोगों को सुविधा और सुरक्षा की गारंटी मिलती है उसी जगह से पेशे से डॉक्टर से एक नेता को डराया धमकाया गया। यह



सामान्य बात नहीं है। मुख्यमंत्री पर इस तरह की गुंडागर्दी करने के आरोप से प्रदेश की छवि भी धूमिल हुई है। देवभूमि की जो पहचान है कम से कम सरकार उसका ध्यान रखे। जयराम ठाकुर ने कहा कि यही बात विपक्ष डेढ़ सालों से कह रहा है कि मुख्यमंत्री द्वारा तानाशाही की जा रही है। अपनी बात मनवाने के लिए जोर.जबरदस्ती की जा रही है। सत्ता पक्ष के विधायकों से लेकर विपक्ष और निर्दलीय विधायकों को अपने हिसाब से चलाने की कोशिश हो रही है। इसी तरह की तानाशाही से तंग आकर कांग्रेस के विधायकों ने भी बगावत की थी। सरकार के इसी रवैये से तंग आकर निर्दलीय विधायकों ने भी इस्तीफा दिया था। अब अपने पार्टी के वरिष्ठ नेता के साथ ही मुख्यमंत्री के बर्ताव से इस बात की पुष्टि हो गई कि मुख्यमंत्री किस तरह की तानाशाही से जबरदस्ती अपनी बात मनवाते हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा पहले यही पार्टी छोड़ चुके विधायकों और निर्दलीय विधायकों द्वारा किया गया। उन्हें सरकार का खुला समर्थन देने के लिए बाध्य किया गया। जब समर्थन नहीं दिया तो सत्ता का दुरुपयोग कर उन्हें प्रताड़ित किया गया। उनके व्यवसाय पर हमला किया।

## पीपलू मेले में स्वयंसेवियों ने स्वच्छता का रखा विशेष ध्यान

**राजन पुरी**

**ऊनाः** जिला स्तरीय तीन दिवसीय पीपलू मेले में नेहरू युवा केंद्र व एनएसएस बंगाणा के स्वयंसेवियों द्वारा सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। दिनभर स्वयंसेवी मेले में फैली गंदगी को साफ करने में जुटे रहते है। एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी अक्षय शर्मा ने मेले में स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता की जिम्मेवारी बखूवी निभाई है। अक्षय शर्मा की अध्यक्षता में उनके साथी स्वयंसेवियों ने मेले में सभी दुकानदारों को कूड़ादान रखने व प्लास्टिक को अलग से रखने की अपील की।

# सरकार उपचुनावों को धन बल के आधार पर हाईजैक करना चाहती है: बिंदल

**साधा निशाना**

**▶▶ हम प्रशासनिक अधिकारियों से कहना चाहते हैं कि वे भी सरकार के दबाव में भाजपा के खिलाफ काम करना बंद करें**

**चमन शर्मा**

**शिमलाः विधान** सभा के तीन उपचुनाव 10 जुलाई को सम्पन्न होंगे। इन उपचुनावों के लिए नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की सरकार इन चुनावों को सरकारी दादागिरी और धन बल के आधार पर हाईजैक करना चाहती है। कैबिनेट बैठक में देहरा को एचण्पीण्पीण फोर्स देने





का निर्णय करना व अन्य घोषणाएं करना न केवल गैर कानूनी है अपितु देहरा की जनता के साथ धोखा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री को अपने ससुराल की इतनी ही चिंता थी तो पिछले डेढ़ साल में देहरा के लिए कुछ क्यों नहीं किया। विधायक होशियार सिंह ने मुख्यमंत्री से देहरा के विकास के लिए लगातार गुहार लगाई परन्तु उन्हें फ टकार दिया और देहरा का विकास नहीं किया।

डॉ. बिन्दल ने आरोप लगाया कि अब की जाने वाली घोषणाएं धोखा है, छलावा है और कभी पूरी न होने वाली घोषणाएं हैं। कांगड़ा जिला के विकास हेतु कोई समयक विचार नहीं किया गया और अब आनन-फ ानन में कुछ भी घोषणाएं की जा रही है। देहरा में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार होशियार सिंह 21 जून को अपना नामांकन भरने जा रहे हैं। परमिशन भाजपा द्वारा विधिवत ली गई जिसकी कॉपी संलग्न है। आज उस मैदान पर कार्यक्रम करने की परमिशन को विद ड्रॉ कर लिया गया। भाजपा ने आरोप लगाया कि जब से मुख्यमंत्री की पत्नी का नाम उम्मीदवार के रूप में घोषित हुआ है, सरकार दादागिरी पर उतर आई है और भारतीय जनता पार्टी को चुनाव प्रचार करने से रोक रही है। चुनाव आयोग को भी इन सब बातों का संज्ञान लेना चाहिए। इससे पूर्व में भी अनेक बार कांग्रेस द्वारा आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हुआ और चुनाव आयोग ने उस पर कोई कार्यवाही नहीं की। हम प्रशासनिक अधिकारियों से कहना चाहते हैं कि वे भी सरकार के दबाव में भाजपा के खिलाफ काम करना बंद करें।

## संक्षिप्त खबरें

### ओटीपी के माध्यम से राशन वितरण के लिए 30 जून तक चलेगा ट्रायल रन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**शिमलाः निदेशक**, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राम कुमार गौतम ने बताया कि प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं को ओटीपी के माध्यम से राशन वितरित करने के लिए 20 जून से 30 जून, 2024 तक ट्रायल रन करवाएगी। इसके अंतर्गत उचित मूल्य दुकानधारकों द्वारा राशन कार्ड में दर्ज सदस्यों में से किसी एक सदस्य के आधार से जुड़े मोबाईल नम्बर पर ओटीपी भेजा जाएगा तथा उनसे मोबाईल पर सम्पर्क करके ओटीपी की जानकारी ली जाएगी। प्रदेश में वर्तमान में कुल 1960467 राशन कार्ड धारक हैं जिनकी संख्या 7299045 है। इनमें से 99.84 प्रतिशत लोगों के आधार तथा 94.40 प्रतिशत का मोबाईल नम्बर दर्ज किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को ओटीपी प्राप्त होने के बारे में जानकारी हां या न में देनी होगी तथा ओटीपी किसी भी उचित मूल्य दुकानदार या अन्य किसी भी व्यक्ति के साथ साझा नहीं करना है। उन्होंने कहा कि इस ट्रायल का उद्देश्य भविष्य में बायोमेट्रिक सेल में किसी प्रकार की समस्या आने पर ओटीपी के माध्यम से राशन वितरित करने की सम्भावना को तलाशना है ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदार, प्रत्येक राशनकार्ड में दर्ज किसी एक व्यक्ति के मोबाईल पर ओटीपी भेज कर उस व्यक्ति से फोन पर सम्पर्क करके ओटीपी प्राप्त होने की पुष्टि करेंगे। यदि ओटीपी उपभोक्ता को प्राप्त होता है तो वे उस सदस्य की प्रविष्ट अपने पास दर्ज कर लेंगे ताकि भविष्य में राशन लेने के लिए उसके मोबाईल पर ओटीपी भेजा जा सके। यदि उस व्यक्ति के मोबाईल पर ओटीपी नहीं आता है तो उचित मूल्य दुकानधारक उसी राशन कार्ड में दर्ज किसी अन्य व्यक्ति के मोबाईल पर ओटीपी भेजेगा और ओटीपी प्राप्ति की पुष्टि होने के बाद सम्बंधित व्यक्ति का रिकार्ड अपने पास दर्ज कर लेगा।

### अज्ञात कार की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवक जख्मी

**राजन पुरी**

**ऊनाः** इंदिरा मैदान ऊना के समीप अज्ञात कार की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवक जख्मी हुए है। दोनों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया है। वहीं पुलिस ने मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक अमन सैणी निवासी वार्ड नंबर चार, विवेक नगर अपने दोस्त अंकित राजपूत के साथ स्कूटी पर सवार होकर इंदिरा मैदान ऊना के समीप से गुजर रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही एक अज्ञात कार ने स्कूटी को टक्कर मार मौके से फरार हो गया। हादसे में घायल अमन सैणी व अंकित राजपूत को स्थानीय लोगों की मदद से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया। एएसपी ऊना सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस ने घायल की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ढाबा में शराब पिलाने पर संचालक के खिलाफ मामला दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊनाः** थाना हरोली के तहत घालूवाल स्थित एक ढाबे में शराब पिलाने पर पुलिस ने संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक हरोली पुलिस मंगलवार रात्रि घालूवाल में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक ढाबा के बाहर बने शैड में एक व्यक्ति 3 युवकों को शराब पिलाते हुए देखा। पुलिस को देख तीनों युवक फरार हो गए। इस दौरान पुलिस ने ढाबा संचालक दविंद्र सिंह निवासी सलोह से पेग सेल करके शराब पिलाने के संदर्भ में कागजात पेश करने को कहा, जिस पर दविंद्र सिंह कोई कागज पेश नहीं कर पाया। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने ढाबा संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डिप्रेशन की जगह खा ली जहरीली दवाई, मौत

**राजन पुरी**

**ऊनाः** पुलिस थाना अंब के तहत पंजोआ लडोली में 52 वर्षीय व्यक्ति की जहरीली दवाई खाने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सिकंदर हयात पुत्र रूकम दीन निवासी गांव पंजोआ लडोली के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दी है। वहीं परिजनों के ब्यान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
जानकारी के मुताबिक सिकंदर हयात निवासी पंजोआ लडोली डिप्रेशन, शुगर व गले के कैंसर की कुछ समय से दवाई खाता है। मंगलवार दोपहर को खाना खाने के बाद सिकंदर हयात खेतों में पानी लगाने गया था। इस दौरान गलती से डिप्रेशन की दवाई की जगह गाडी में रखी हुई कोई पुरानी दवाई खा ली थी। जहरीली दवाई के चलते सिकंदर हयात की तबीयत खराब हो गई, जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए, जहां पर उपचार के दौरान देर रात मौत हो गए।

## कमलेश ठाकुर की जीत के बाद होगा देहरा के विकास का सूर्योदय: संजय

**चमन शर्मा**

**शिमलाः प्रदेश** के सबसे बड़े जिला कांगड़ा का विधानसभा क्षेत्र देहरा लंबे अर्से से विकास की अनदेखी का श्राप झेल रहा है । लेकिन अब कांग्रेस प्रत्याशी और देहरा की बेटी कमलेश ठाकुर के चुनाव मैदान में बतौर प्रत्याशी उतरने से देहरा अब जल्द ही इस श्राप मुक्त हो जाएगा। प्रदेश कांग्रेस पार्टी कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने कहा कि आगामी 21 जून को सीएम ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की धर्मपत्नी और कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी कमलेश ठाकुर अपना नामांकन भरेंगी। नामांकन के दिन सीएम सुक्खू पार्टी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी मौजूद रहेंगी। नामांकन प्रक्रिया के बाद एक विशाल जनसभा को भी संबोधित किया जाएगा। भाजपा के प्रलोभन से निर्दलीय विधायक होशियार सिंह के इस्तीफा देने के बाद देहरा वासियों को मजबूरन मध्यवती चुनाव में झोंक दिया। जिसके चलते आज कांग्रेस प्रत्याशी को मजबुरन चुनाव में उतरना पड़ा। कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर के बतौर प्रत्याशी मिलने से देहरवासियों के लिए एक वरदान साबित होंगी। क्योंकि देहरावासियों से भाजपा सरकारों द्वारा लंबे अर्से से की जा रही अनदेखी अब ज्यादा समय तक नहीं चलेगी। देहरा में आजतक हुए विकास का श्रेय कांग्रेस को ही जाता है जबकि भाजपा ने सिर्फ राजनीति कर देहरा की अनदेखी करती रही। भाजपा ने देहरा की



**नामांकन भरेंगी**

**▶▶ सुक्खू की धर्मपत्नी और कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी कमलेश ठाकुर अपना नामांकन भरेंगी**

जनता के साथ विकास के खोखले दावे करती रही जबकि कांग्रेस कार्यकाल के समय और आज के दौर में भी देहरा के विकास को तवज्जो दी। आपको बता दें कि पूर्व की वीरभद्र सरकार ने देहरा में अतिरिक्त उपायुक्त को बैठाने का ऐतिहासिक फैसला लिया लेकिन प्रदेश में भाजपा सरकार आते ही इस फैसले को निरस्त कर दिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने देहरा में एसपी कार्यालय और लोक निर्माण विभाग कार्यालय खोलने का फैसला लेकर एक बड़ा तोहफ ा देहरा वासियों को दिया है। हालांकि आचार संहिता खत्म होते ही इसकी अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री के ऐसे फैसलों से स्पष्ट हो जाता है कि आने वाले समय मे देहरा के विकास के लिए बड़े फैसले लिए जाएंगे।

## बंगाणा बाजार में पूर्व विधायक भुट्टो ने लगाई छबील

**राजन पुरी**

**ऊनाः कुटलैहड़** के पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो ने बुधवार को स्थानीय बाजार में ठंडे पानी की छबील लगाई। इस दौरान समर्थकों ने बड़े ही उत्साह से पूड़ी सब्जी तथा ठंडे मीठे जल का वितरण किया। इस दौरान पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो भी ने भी तरबूज काट कर लोगों को वितरित किया। पूर्व विधायक ने कहा कि शुरू से ही मेरे मन में सेवा का भाव रहा है। उसी क्रम में कुटलैहड़ वासियों के सेवा का अवसर मिला। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेंद्र मलांगड़, सुदर्शन, अरुण मनकोटिया, प्रविंद्र कुमार, कृष्णपाल शर्मा, राज कुमार, विक्की, सूरम सिंह, सुशील, रिंकू, रिशु, नरेश, जनक, राज कुमार मनकोटिया, अवनीत, राजेश कुमार, शिवम, संदीप, अजय, महेंद्र राणा, किशोरी लाल, नील कमल, अनिल, बहादुर, अभय राणा, भूषण, रोहित सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय पीपलू मेले का हुआ समापन

**राजन पुरी**

**ऊनाः बंगाणा** के प्रसिद्ध जिला स्तरीय पिपलु मेले का बुधवार को समापन समारोह बड़ी धूमधाम के साथ हुआ। तीन दिवसीय मेले के समापन व अंतिम दिन कैबिनेट मंत्री राजेश धमाणी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि हिमाचल सरकार के पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। मेले की अध्यक्षता कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने की। इस मौके पर टाउन एवं कंट्री प्लानिंग, आवास प्रबंध, तकनीकी शिक्षा मंत्री ने पिपलू मेला 2024 की बहुरंगी स्मारिका का विमोचन भी किया। कैबिनेट मंत्री राजेश धमाणी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु ने सत्ता संभालते ही अनाथ बच्चों के



लिए सुख आश्रय योजना आरंभ की जोकि पूरे भारत की पहली एक मात्र अनूठी पहल है। इसके जरिए राज्य के अनाथ बच्चें अपना जीवन-यापन सम्मानपूर्वक कर पा रहे हैं। राज्य के बच्चों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना के तहत राज्य के बच्चों का भविष्य संवारा जा रहा है। इस दौरान व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धमाणी ने मेला कमेटी को ऐच्छिक निधि से 25 हजार रुपए देने की घोषणा की। पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार ने पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष स्वर्गीय पंडित राम नाथ शर्मा का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी एक योजना थी, जो आज उनके बेटे विक्कू के विधायक बनते ही सफल होती हुई दिखाई दे रही है। उन्होंने विधायक रहते कई आयाम स्थापित किए और लोगों को घर द्वार पर रोजगार उपलब्ध करवाया। ठीक उसी तर्ज पर अब निर्वाचित विधायक भी उसी को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करेंगे ऐसा मेरा मानना है।

# बुंबलू में खुले बुचडखाने के विरुद्ध फिर से फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

**राजन पुरी**

**ऊनाः उपमंडल** गगरेट की ग्राम पंचायत कलोह के तहत आने वाले बुंबलू में खुले बुचडखाने के विरुद्ध फिर से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। अब लोगों ने इस बुचडखाने पर प्रदूषण विभाग के मानकों को नजरअंदाज कर प्रदूषण फैलाने के आरोप लगाते हुए इसे बंद करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेताया है कि अगर इस बुचडखाने द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण को लेकर प्रशासन ने कोई कार्रवाई न की, तो वे उग्र प्रदर्शन शुरू करने से गुरेज नहीं करेंगे।
बुधवार को ग्राम पंचायत बड़ोह के पांवड़ा गांव में ग्राम पंचायत बड़ोह सहित कई अन्य गांवों के लोग भी जुटे और आरोप लगाया कि गोयल फूड वर्ल्ड के इस यूनिट द्वारा खुले में गंदा पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे प्राकृतिक जल स्त्रोत भी खराब हो रहे हैं, जबकि इस यूनिट से



आने वाली बास से आसपास रह रहे लोगों का जीना मुहाल हुआ है। यही नहीं गंदगी फैलने से गांव में मक्खी-मच्छर भी बढ़े हैं। ग्राम पंचायत बड़ोह के प्रधान जसवील सिंह जस्सी ने कहा कि प्रदेश सरकार को इस यूनिट को यहां खोलने की इजाजत ही नहीं देनी चाहिए थी। इसके क्या-क्या दुष्परिणाम है, वह अब सामने आने लगे हैं। या तो प्रदेश सरकार इस यूनिट को बंद करवाए या फिर पांवड़ा गांव के लोगों की जमीन का भी सरकार अधिग्रहण कर यहां भी औद्योगिक क्षेत्र बसा ले। क्योंकि जिस प्रकार प्रदूषण फैलाया जा रहा है उससे गांववासियों का जीना दूभर है। ग्राम पंचायत कलोह से ममता देवी ने कहा कि पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने इस यूनिट को बंद करने के लिए तब भी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को चिी लिखी थी, लेकिन प्रदेश सरकार ने इसे बंद नहीं किया। अब विधायक राकेश कालिया इस मुद्दे को विधानसभा में उठाएं और इसे बंद करवा कर लोगों को राहत दिलाएं। ग्राम पंचायत नंगल जरियालां के उपप्रधान कैप्टन सुशील जरियाल ने कहा कि ग्राम पंचायतों को भी ऐसे यूनिट के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र देने से बचना चाहिए, क्योंकि बाद में ही इनके दुष्परिणाम सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदूषण विभाग इस यूनिट में प्रदूषण नियंत्रण के मानकों की अनुपालना करवाए। वहीं स्वामी सत्यादेवानंद सरस्वती ने कहा कि अभी तो शुरूआत है। जब समय होता है, तब लोग चुप रहते हैं धीरे-धीरे यहां और भी भयानक समय आने वाला है। द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी के प्रधान सतीश गोगी ने कहा कि प्रशासन इस मामले का त्वरित संज्ञान ले। इस अवसर पर पूर्व विधायक के सहायक रहे हर्षित तिवारी, दीपक कुमार, ग्राम पंचायत दियोली के प्रधान पूर्ण सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# शूलिनी मेले के दौरान झूलों की निर्धारित टिकट से ज्यादा पैसे वसूलने पर होगी कार्रवाई

## शूलिनी मेले के लिए इस बार 23.60 लाख में हुई झूलों की ऑक्शन

**मनीष**

**सोलनः** सोलन शहर में राज्यस्तरीय शूलिनी मेला 21 से 23 जून तक मनाया जा रहा है मेला बेहतर तरीके से मनाया जाए इसके लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है इस बार झूले 20 लाख प्लस जीएसटी मिलाकर 23.60 लाख में बिके हैं जिसकी ओपन ऑक्शन की गई है। इस बार मेले में छोटे बच्चों के लिए रू 50 और बड़ो के लिए रू 80 झूलों की टिकट रखी गई है। नगर निगम ने इसको लेकर सख्त हिदायत भी झूले लेने वाले व्यक्तियों को दी है कि यदि ओवरचार्ज झूलो की



टिकट को लेकर किया गया तो उन्हें जुमार्ना भी किया जाएगा।

नगर निगम सोलन की कमिश्नर एकता काप्टा ने जानकारी देते बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी झूलों की ओपन ऑक्शन हुई है जो की 20 लाख प्लस जीएसटी 23.60 लाख में हुई है और ठोडो ग्राउंड में 800 स्केवयर मीटर के एरिया में यह झूले लगने वाल लगने वाल वाले हैं।
उन्होंने कहा कि इस बार छोटे बच्चों के लिए रू 50 की टिकट और बड़े के लिए रू 80 की टिकट रखी गई है। उन्होंने कहा कि झूलें लेने वाले व्यक्ति को सख्त हिदायत दी गई है कि यदि किसी भी तरह की ओवर चार्जिंग की शिकायत उन्हें मिलती है तो प्रतिदिन एक लाख रुपए का जुमार्ना लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसको लेकर निगम ने कमेटी भी तैयार की है जो कि मेले के दौरान समय-समय पर झूले के रेट को चेक करेगी यदि शिकायत पाई जाती है तो इसको लेकर कार्रवाई भी की जाएगी। बता दें कि हर साल सोलन शहर में शूलिनी मेले के दौरान झूले लगाए जाते हैं लेकिन ओवर चार्जिंग झूले लगाने वालों की तरफ से देखने को मिलती है ऐसे में निगम ने इस बार कमेटी तैयार कर इस पर नकेल कसने की बात कही है।

# डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में कुटलैहड़ की लगातार हुई अनदेखी, जनता में रोषः कंवर

**राजन पुरी**

**ऊनाः राज्य** में डेढ़ वर्ष से कांग्रेस की सरकार बनने के बाद कुटलैहड़ में सभी विकास कार्य ठप्प पड़े है। कुटलैहड़ में विकास कार्य कछुए की चाल चल रहे है। यह बात राज्य भाजपा के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने बुधवार को बंगाणा में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान में कही। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि कुटलैहड़ के नव निर्वाचित कांग्रेस विधायक विवेक शर्मा को तीन माह का समय दिया जाता है। अगर तीन माह के भीतर कुटलैहड़ विस क्षेत्र के सभी विकास कार्य प्रगति पर नहीं हुए। तो




कुटलैहड़ भाजपा राज्य सरकार के खिलाफ सडकों पर उतर कर आंदोलन करने से गुरेज नहीं करेंगी। कंवर ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय हमने 3.50 करोड़ बस अड्डे के लिए और 12 करोड़ सीवरेज के लिए जारी करवाए, लेकिन अभी तक विकास कार्य ठप्प पड़े हुए हैं। कंवर ने कहा कि कुटलैहड़ के बसाल में 8.50 करोड़ डीपीआरएस का कार्य भी कछुए की चाल चल रहा है। बीहडू में 2.50 करोड़ से हेलीपैड बनना था।

## न्यूज फ्लैश

### फ्लिपकार्ट ने की "बैक टू कैंपस" अभियान के जून संस्करण की घोषणा

नोएडा । छात्र नए अकादमिक वर्ष की तैयारी कर रहे हैं, ऐसे में देश की घरेलू स्तर पर विकसित हुए ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस ने मई 2024 संस्करण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद अपने सालाना "बैक टू कैंपस" प्रोग्राम के जून, 2024 के संस्करण की शुरूआत करने की घोषणा की है।



यह कैंपेन 21 जून से 27 जून के बीच चलेगा। इस कैंपेन के दौरान लैपटॉप, टैबलेट, गेमिंग कंसोल, मॉनिटर, स्मार्टवॉच, ट्रू वायरलेस ईयरफोन, प्रिंटर्स, लैपटॉप ऐक्सेसरीज जैसे विभिन्न ब्रैंड के उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि छात्रों की विभिन्न प्रकार की जरूरतें पूरी की जा सकें। ग्राहक फ्लिपकार्ट पर विभिन्न विकल्पों का लाभ उठा सकते हैं जिनमें सुपर क्वॉइंस, नो-कॉस्ट ईएमआई और अपग्रेड की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए पुराने लैपटॉप के लिए आकर्षक एक्सचेंज डील शामिल हैं। इसके अलावा, छात्रों के लिए अतिरिक्त ऑफर के अंतर्गत लैपटॉप और टैबलेट पर 6,000 रुपये तक की छूट मिलती है जिसमें विभिन्न क्रेडिट कार्ड पर 12 महीनों तक की नो-कॉस्ट ईएमआई की सुविधा मिलती है। अलग-अलग माध्यमों से भुगतान करने की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, फ्लिपकार्ट, कैश ऑन डिलिवरी, यूपीआई और डेबिट/क्रेडिट कार्ड जैसे कई विकल्प उपलब्ध कराता है, ताकि लेन-देने को आसान बनाया जा सके। खरीदारी के अनुभव को बेहतर और मजेदार बनाने के लिए, फ्लिपकार्ट ऑन-डिमांड वीडियो असिस्टेंस फीचर उपलब्ध कराएगा जहां विशेषज्ञ एजेंट खरीदारी करने में मदद करेंगे। इसके अलावा, जेन-एआई वाली चैट सहायता उपलब्ध होगी, ताकि खरीदारी करने वाले सोच-समझकर निर्णय ले सकें। लैपटॉप के सेगमेंट में छात्रों को ऐसी डिवाइसें चाहिए होती हैं जिनमें नए जेनरेशन का प्रोसेसर हो और रैम की क्षमता भी भरपूर हो। एचपी, आसुस, एसर जैसे ब्रैंड के विभिन्न प्रकार की खूबियों से युक्त लैपटॉप की व्यापक रेंज 9,990 रुपये की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध होगी। इसके अलावा, ताकतवर प्रोसेसर और ग्राफिक्स कार्ड वाले लैपटॉप की कीमत 45,990 रुपये से शुरू होती है और ये भी ऑफर के तहत उपलब्ध होंगे। इसके अलावा, टैबलेट विभिन्न प्रकार की जरूरतें पूरी कर सकते हैं, इसलिए टैबलेट काफी मशहूर हो रहे हैं। फ्लिपकार्ट 4 जीबी रैम और 128 जीबी इंटरनल स्टोरेज वाला एलटीई टैबलेट छात्रों को 9,999 रुपये की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध कराएगा।

### टाटा साल्ट इम्यूनो बना रहा है देश के स्वास्थ्य को और भी सशक्त

**रेवाड़ी :** भारत के ब्रांडेड आयोडीन युक्त नमक खंड में अग्रणी और मार्केट लीडर, टाटा साल्ट की यात्रा, 1983 में अपनी स्थापना के बाद से आयोडीन की कमी से होने वाले विकार (डिसऑर्डर-आईडीडी) के खिलाफ देश के संघर्ष के साथ जुड़ी हुई है। इसके प्रमुख उत्पाद को ' देश की सेहत, देश का नमक के रूप में जाना जाता है। टाटा साल्ट आईडीडी के बारे में जागरूकता बढ़ाने में भी अपनी प्रतिबद्धता और प्रयासों के लिए प्रशंसित रहा है। कंपनी ने दो साल पहले, टाटा साल्ट इम्यूनो की शुरूआत की थी। यह खाद्य नमक खंड में पहला ऐसा नमक है जिसमें आयोडीन के साथ जिंक शामिल है। जिंक एक आवश्यक पोषक तत्व है, जो




स्वास्थ्य प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत और तंदुरुस्त रखने में मदद करता है,यह ब्रांड संतुलित आहार को बढ़ावा देता है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की अध्यक्ष, पैकेज्ड फूड्स- इंडिया, दीपिका भान कहती हैं, संतुलित आहार में, ऐसे नमक का सेवन करना जरूरी है जो आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता हो। टाटा साल्ट इम्यूनो को स्वाद बनाए रखते हुए जिंक जैसे आवश्यक पोषक तत्वों के साथ तैयार किया गया है। हम अपने उपभोक्ताओं को सोच-समझ कर अपने नमक का विकल्प चुनने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और ऐसा तभी संभव है जब वे अपने नमक की जरूरत के बारे में खुद को जागरूक रखें। हाल ही में दुनिया भर में नमक जागरूकता सप्ताह मनाया गया है जिस अवसर पर टाटा साल्ट इम्यूनो ने अपने उपभोक्ताओं से सोच-समझकर नमक के विकल्पों के सेवन करने की सिफारिश की है।

# विधायक सुरेंद्र पंवार ने मॉडल टाऊन में पहुंचकर सुनी समस्याएं

## जैश पार्क से बिजली के ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: विधायक सुरेंद्र पंवार ने** मॉडल टाऊन स्थित जैश पार्क में पहुंचकर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने बताया कि पार्क के अंदर बिजली का ट्रांसफार्मर रखा गया है, जिसकी वजह से हादसे की संभावना बनी रहती है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही बिजली निगम के अधिकारियों को ट्रांसफार्मर बाहर शिफ्ट करने का निर्देश दिया। विधायक सुरेंद्र पंवार को रेजिडेंट्स वेलफेयर



एसोसिएशन जैस पार्क सर्कल मॉडल टाऊन के पदाधिकारियों व अन्य क्षेत्रवासियों ने बताया कि पार्क के अंदर बिजली का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है, जिसकी वजह से बिजली की तारें भी पार्क के अंदर से क्रांस की हुई है। इसकी वजह से कई बार हादसे की संभावना बनी रहती है। बिजली के तार तेज हवा में आपस में कनैक्ट हो जाते है, जिसकी वजह से चिंगारियां उठ जाती है। इसके साथ ही कई बार बच्चे पार्क में खेलते समय ट्रांसफार्मर के पास पहुंच जाते है। क्षेत्रवासी समस्या के बारे में प्रशासन को भी अवगत करवा चुके है, लेकिन समस्या जस की तस बनी रहती है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही बिजली निगम के अधिकारियों को ट्रांसफार्मर व बिजली की तारें शिफ्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के अंदर जितने भी पार्क है बिजली निगम को एक सर्वे करवाकर उन पार्कों के अंदर से बिजली की तारें व ट्रांसफार्मर शिफ्ट करवाने चाहिए, क्योंकि पार्क में बड़ी संख्या में बच्चों से लेकर वरिष्ठजन तक सैर करने के लिए जाते है। इस तरह की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। इस दौरान सतीश सलूजा, संजीव बत्रा, राजेश मिड्ढा, राजन खुराना, जोगिंद्र खुराना, महेंद्र खुराना, धर्मवीर, महेंद्र, रमेश मुखी, तिलक, विकास सहित बड़ी तादाद में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सामान्य योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दे रहा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़/केंद्रीय विश्वविद्यालय** (हकेवि), महेंद्रगढ़ का योग विभाग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले सामान्य योग प्रशिक्षण का अभ्यास विश्वविद्यालय के आसपास के गांवों और सुदूर क्षेत्रों में अपने विद्यार्थियों के माध्यम से दे रहा है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा तैयार किया गया योग अभ्यास का सामान्य प्रोटोकॉल विद्यार्थी जन-सामान्य को करा रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अजयपाल ने बताया कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। यह कार्यक्रम न केवल समाज में योग के प्रति जागरूकता लाता है बल्कि हमारे विद्यार्थियों को समाज में जाकर योग प्रशिक्षण देने का अवसर भी प्रदान करता है। यह प्रशिक्षण योग विभाग के एमएससी द्वितीय सत्र व चतुर्थ सत्र के विद्यार्थी, शोधार्थी अपने-अपने क्षेत्र में दे रहे हैं।

## विशेष लोक अदालत के प्रति आमजन को किया जा रहा है जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जिला विधिक सेवा** प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा 1 जून से जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में डीएलएसए द्वारा सर्वोच्च न्यायालय भारत द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के बारे में पंपलेट देकर जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में पीएलवी जोगिन्दर कौर द्वारा सलीमपुर में लोगों को जागरूक किया गया और उन्हें पंपलेट बांटे गए। इन कैंपों का उद्देश्य है लोगों में जागरूकता लाना है।

## कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन हेड की बैठक हुई

**समालखा( कुलदीप सिंह )**
**आल हरियाणा पावर** कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन हेड ऑफिस हिसार की कन्वेंशन समालखा कार्यालय में हुई जिसकी अध्यक्षता सर्कल सचिव सतेन्दर पूनिया ने की जिसमें मुख्य रूप से राज्य चेयरमैन देवेंद्र हुड्डा राज्य उप प्रधान जितेंद्र सैनी राज्य प्रेस सचिव सोमपाल रावल ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं लेकिन निगम मैनेजमेंट व सरकार कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं कर रही है निगम में लाइनमैन से फोरमैन, शिफ्ट अटेंडेंट से सीनियर शिफट अटेंडेंट, फोरमैन से जेई एलडीसी से यूडीसी, जेई से जेई 1,आदि हजारों पद जोकी प्रमोशन कोटे से भरे जाने हैं वह खाली पड़े हैं! एक्स ग्रेसिया पॉलिसी में 5 वर्ष की



शर्त को हटाने ,कौशल रोजगार निगम को भंग करने ,जोखिम भत्ता देने, नये पावर प्लांट लगाने, कनेक्शन के हिसाब से नए पद सर्जित करके नई भर्ती करने, पुरानी पेंशन बहाल करने ,निजीकरण पर रोक लगाने आदि अनेकों मांगों को लेकर सरकार को एजेंडा पहले सोप जा चुका है उन्होंने सरकार व मैनेजमेंट को आगह करते हुए कहा की सरकार बिजली कर्मचारियों की मांगों का जल्दी से जल्दी समाधान करें नहीं तो इन सभी मांगों को लेकर 22 जून को रोहतक कर्मचारी भवन में राज्य कार्यकारणी की मीटिंग बुलाई गई है जिसमें आगामी आंदोलन की घोषणा की जाएगी इस अवसर पर राज्य कमेटी के सदस्य प्रमोद शर्मा विनोद कुमार,अमित कुमार ,यूनिट समालखा के प्रधान कपिल रावल सब युनिट के प्रधान राकेश सचिव शिवकुमार,सिटी के प्रधान दलेल शर्मा,अमित रावल ,जोगिंदर ,नरेश कुमार बलराम आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## संत कबीर दास जयंती कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर की बैठक

**सोनीपत।**
**गोहाना की नई अनाज** मण्डी में 22 जून को आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय संत कबीर दास जयंती कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने संबंधित अधिकारियों के साथ बुधवार को लघु सचिवालय में बैठक ली। उन्होंने कहा कि इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करें। इसलिए सभी व्यवस्था को समुचि ढंग से पूरा करवाने के लिए उन्होंने सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के तहत टेंट की व्यवस्था, लोगों के बैठने के साथ पेयजल व शौचालय की



व्यवस्था, पार्किंग, रोड की मरम्मत, हेलीपैड का निर्माण, बैरिकेडिंग, मीडिया गैलरी, मुख्य मंच व सास्कृतिक मंच निर्माण इत्यादि व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अन्य विभागीय अधिकारियों को भी पूर्ण सहयोग के निर्देश देते हुए विभिन्न प्रकार के प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हर प्रकार की व्यवस्थाओं की वे स्वयं जांच करेंगी। उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए एसडीएम गोहाना विवेक आर्य को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए कहा कि अगर किसी अधिकारी को कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को पूर्ण करने में किसी प्रकार की परेशानी आती है तो वे एसडीएम गोहाना से संपर्क करें ताकि उस समस्या का तुरंत समाधान किया जा सके। उन्होंने अनाज मण्डी में सफाई व्यवस्था को लेकर मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वहां पूर्ण सफाई व्यवस्था का ध्यान रखें। इसके अलावा उन्होंने हेलीपैड का निर्माण करने व आयोजन स्थल पर बैरिकेडिंग व पार्किंग स्थल को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन को निर्देश दिए कि वे इन प्रबंधों को निश्चित समय पर पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल का एक नक्शा तैयार करें कि कहां किस चीज की व्यवस्था की जानी है। इसके अलावा उन्होंने एनएचआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आज ही मुख्यमंत्री रूट का निरीक्षण करें और देखें की कहीं पर रोड़ को रिपेरिंग करने की जरूरत तो नहीं है। अतिरिक्त उपायुक्त ने सांस्कृति व मैन स्टेज को लेकर एसडीएम को निर्देश दिए कि वे टैंट वाले के साथ मिलकर स्टेज बनवाने के साथ-साथ लोगों के बैठने की उचित व्यवस्था के लिए कुर्सियों व अन्य व्यवस्थाएं पूर्ण करवाएं। इसके अलावा उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन को निर्देश दिए कि आयोजन स्थल पर गर्मी को देखते हुए पीने के पानी का पुख्यता इंतजाम करवाना सुनिश्चित करें इसके अलावा आयोजित स्थल पर वीआईपी शौचालय व सामान्य लोगों के लिए अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था करवाई जाए।

## महादेव गऊशाला में 5 दिवसीय बाल संस्कार शाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : बच्चों में लुप्तप्राय:** होते संस्कारों के कारण माता पिता को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है महादेव गौशाला समिति ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए श्रीमद्भागवतगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सहयोग से पांच दिवसीय बाल संस्कार शाला का आयोजन करने का विचार किया है इस अवसर पर जानकारी देते हुए महादेव गौशाला के संरक्षक श्र अशोक रोशा ने बताया हमारी संस्कृति राम ,कृष्ण, महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी ,विवेकानंद जैसे महापुरुषों की तपोभूमि रही है, प्रत्येक महापुरुष का आचरण संस्कारों से ओतप्रोत रहा है। इन सब के पीछे था उनका प्रेरणाप्रद बचपन। हम सब जानते हैं यह सभी संस्कार संयुक्त परिवारों में दादा, दादी ,नाना ,नानी की कहानियों सुन कर हमारे व्यक्तित्व का विकास हुआ भौतिक युग में एकल परिवार के कारण जीवन का महत्वपूर्ण अंग संस्कार तेजी से बदलते हुए परिवेश में कब हमसे छूट गया हमें पता ही नहीं चला बच्चों में शिक्षा के साथ साथ संस्कारों का होना महत्वपूर्ण है संस्कारों के बिना शिक्षा अधूरी है बालक के बहुआयामी व्यक्तित्व के गढ़ने में माता पिता गुरु होते थे। वहीं संस्कारों के बीजारोपण में परिवार के साथ समाज का भी महत्वपूर्ण योगदान होता था। आज के बदलते परिवेश में समय निकालकर बच्चों को संस्कारवान बनाना यज्ञ के समान है बाल संस्कार शाला इसी महत्ती आवश्यकता को पूर्ण करती है। महादेव गौशाला के प्रधान सुरेंद्र गोयल ने कहा नौनिहालो के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास की इस योजना में उन्हें मानवीय मूल्यों, सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया जाये गया बच्चों के माध्यम से सांस्कृतिक सामाजिक परिवर्तन सरल है।

## नशा तस्कर की निशानदेही पर सप्लायर को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने 12 ग्राम हेरोइन तस्करी मामले में नशा तस्कर की निशानदेही पर आरोपी सप्तायर को सिवाह बस अड्डा के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान गौतम निवासी गांधी कॉलोन के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि उनकी टीम ने गत रविवार को वीवर्स कॉलोनी में सरकारी स्कूल के पास से अजय निवासी कारद हाल न्यू गांधी कॉलोनी को 12 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी से खुलासा हुआ था वह नशा करने का आदी है। आरोपी ने पूछताछ में अपनी नशे की पूर्ति करने व शार्टकट तरिके से पैसे कमाने की चाहत में करीब 1 सप्ताह 15 ग्राम हेरोइन माडल टाउन इंद्रा कॉलोनी निवासी प्रमोद से 15 हजार रुपए में खरीदकर लाने बारे स्वीकारा। नशा सप्लायर को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने सोमवार को आरोपी अजय को माननीय न्यायालय में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया था। सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपी अजय की निशानदेही पर नशा सप्लायर आरोपी गौतम को मंगलवार देर शाम सिवाह बस अड्डा के पास से गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपी ने अजय को उक्त हेरोइन बेचने बारे स्वीकारा। आरोपी ने हेरोइन बेचकर हासिल किये 15 हजार रुपए में से ज्यादातर पैसे खर्च कर दिए। आरोपी के कब्जे से बचे 1 हजार रुपए बरामद कर पूछताछ के बाद पुलिस ने बुधवार को दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

## हम तो बाबा के भरोसे चलते है......पर झूमे श्यामप्रेमी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : समस्त** श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा सलारपुर रोड़ स्तिथ श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में मंगलवार देर सांय 525वां श्री श्याम ताली संकीर्तन आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में सभी श्यामप्रेमियों ने पूजन में हिस्सा लिया। समस्त श्यामप्रेमी परिवार द्वारा खाटू श्याम जी के प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्येक ताली कीर्तन किया जाता है। साथ ही महिला ताली कीर्तन भी करवाए जाते हैं और महीने में दो दिवसीय श्री खाटू धाम



यात्रा राजस्थान जाती है। जिन भक्तों को अपने निवास स्थान,व्यापारिक प्रतिष्ठान एंव संस्थानों में श्याम जी का संकीर्तन करवाना हो, वे संपर्क कर सकते हैं। ये संकीर्तन पूर्णतः निःशुल्क होंगे। संकीर्तन में गायक लखबीर सिंह लक्खा ने लगन तुम से लगा बैठे,जो होगा देखा जाएगा.....,लो आ गया अब तो श्याम, मैं शरण में तुम्हारी......, श्रद्धा बिन श्याम मिले नहीं ये जान ले प्यारे, है भाव का भूखा सांवरिया पहचान ले प्यारे...... और हम तो बाबा के भरोसे चलते है...... इत्यादि भजन गाए। साथ ही अन्य श्याम प्रेमियों ने भी बारी-बारी से भजन सुनाए। इसके पश्चात श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कीर्तन में प्रसाद की सेवा हरविंदर सिंह और गगन खरबंदा की ओर से रही। खाटू श्याम जी की आरती में मंदिर संचालक पण्डित महेश भारद्वाज,पुजारी कुलदीप शर्मा, गौरव गुप्ता,मोहित तायल ,शुभम अरोड़ा, शिवम,सुदेश बंसल,योगेंद्र अग्रवाल, हरगंगा देवी,कविता गोयल,अनु और सोनिया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

## जीवन में सत्य का आचरण करने वाले करते हैं उन्नति: संदीप

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जीवन में** वही लोग उन्नति और सम्मान पाते हैं जो हमेशा सत्य का आचरण करते हैं। उक्त शब्द गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चले रहे सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल के राष्ट्रीय शिविर में रोजड़, गुजरात से पधारे वैदिक विद्वान आचार्य संदीप ने कहे। उन्होंने वीरांगनाओं को जीवन में हमेशा सद्मार्ग पर चलने और यथासंभव दूसरों की सहायता करने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व शिविर में पहुंचने पर संचालिका व्रतिका आर्या एवं मुख्य संरक्षक संजीव आर्य ने आचार्यश्री का स्वागत किया। बता दें कि गुजरात मे महामहिम राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी की प्रेरणा एवं




सार्वदेशिक आर्य वीर दल के अध्यक्ष स्वामी डॉ. देवव्रत सरस्वती जी के मार्गदर्शन में गुरुकुल में यह शिविर चल रहा है जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों की लगभग 400 आर्य वीरांगनाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।आचार्य संदीप ने वीरांगनाओं को सम्बोधित करते हुए कहा शिविरों में युवाओं को समाज में फैली बुराइयों को दूर कर नई जाग्रति लाने का पुनीत कार्य किया जा रहा है और यह तभी सार्थक है जब युवा पीढ़ी शिविर की दिनचर्या और लिये गये प्रशिक्षण को अपने जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि शिविर के तीन मुख्य उद्देश्य हैं- शारीरिक उन्नति, दृढ़ संकल्पी मन और बौद्धिक विकास। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करें, अपने प्रशिक्षकों के प्रति समर्पित हो जाओ तभी आप कुछ बन पाओगे। स्वामी दयानन्द का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि गुरुवर विरजानंद जी से शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक बार दयानन्द आश्रम में झाडू लगा रहे थे। संयोग से उसी समय गुरुजी के टहलने का समय था, एक दूसरे ब्रह्मचारी ने कूड़े का ढ़ेर गुरुजी के रास्ते में कर दिया और गुरुजी से शिकायत भी कर दी कि यह दयानन्द ने जानबूझकर किया है। ऐसा सुनकर गुरु विरजानंद जी क्रोधित हो गये और दयानन्द को एक छड़ी लेकर पास बुलाया। दयानन्द के आते ही गुरुजी ने दो-तीन छड़ी दयानन्द के हाथों पर लगाई मगर दयानन्द ने इसका विरोध नहीं किया। पूरे समर्पण भाव से गुरुजी को कहा-गुरुजी! आपका शरीर बहुत कमजोर है, मुझे छड़ी मारते हुए कहीं आपके हाथों में चोट न आ जाए, इसलिए आप ये छड़ी मुझे ही दे दीजिए, मैं स्वयं को सजा दूंगा।

गुरु के प्रति ब्रह्मचारियों ने ऐसा ही समर्पण भाव होना चाहिए। अन्त में उन्होंने सभी वीरांगनाओं से शिविर में सीखे गये पूरे प्रशिक्षण को अपने गांव, शहर आदि में जाकर दूसरों को सीखाने का संकल्प दिलाया।

## मंडी क्षेत्र में पेयजल की कमी का संकट जल्द ही दूर हो जायेगा: जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: मंडी क्षेत्र में पेयजल** की कमी का संकट जल्द ही दूर हो जायेगा, 23 सेक्टर सिथत हुड्डा वाटर वर्क्स से निगम के बूस्टिंग स्टेशन को 2 एम० एल० डी० अतिरिक्त पानी मिलना शुरू हो गया है जिसकी आपूर्ति जल्द ही शुरू हो जाएगी। मंडी क्षेत्र में पेयजल के संकट की लगातार आ रही शिकायतों के चलते मुख्यमंत्री के पूर्व मिडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन बुधवार को 23 सेक्टर की ग्रीन बेल्ट में अमृत योजना के तहत निर्मित बूस्टिंग स्टेशन पर पंहुचे और वस्तुसिथिति



की जानकारी ली। बूस्टिंग स्टेशन पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि सदर थाने के पास सिथित बूस्टिंग स्टेशन से मंडी क्षेत्र एवं देव नगर को पानी की आपूर्ति होती है। उन्होंने बताया कि अब देवनगर को 23 सेक्टर बूस्टिंग स्टेशन से पानी की आपूर्ति की जाएगी
और देव नगर जाने वाले पानी की जो बचत होगी वह ककरोई रोड पर वाल्व लगाकर मंडी क्षेत्र में दिया जायेगा।

## संपादकीय

# जलते जंगल, अमंगल के संकेत

**दुनिया भर** में जंगलों में लगने वाली आग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसके पीछे जलवायु परिवर्तन एक बड़े कारक के रूप में उभर रहा है। इस वर्ष ब्राजील में अमेजन के वर्षा वनों में 75000 आग की घटनाएं हो चुकी हैं। 2013 से यह संख्या दोगुनी है। इससे 30 लाख जीव प्रजातियों पर खतरा मंडरा रहा है। दुनिया की 25 प्रतिशत आक्सीजन की जरूरत इन वर्षा वनों से पूरी होती है। मैक्सिको, ग्रीस, अमेरिका सहित दुनिया के अनेक देश दावाग्नि की चपेट में आ चुके हैं। वैसे तो मनुष्य शुरू से ही जंगलों को आग से साफ करके खेती के लिए जमीनें तैयार करता रहा है, किन्तु अब दुनिया की हवा, पानी, और पर्यावरणीय जरूरतों को पूरा करने के लिए जितने न्यूनतम क्षेत्र में वन होने चाहिए उतने भी नहीं बचे हैं। इसलिए इस घातक प्रक्रिया पर विराम लगाना अति आवश्यक हो गया है।

जंगलों की आग के और भी अनेक नुकसान हैं। आग से फैलने वाला धुआं कार्बनडाई आक्साइड का मुख्य स्रोत होने के कारण ग्रीन हाउस प्रभाव पैदा करके वैश्विक तापमान में वृद्धि करता है। तापमान वृद्धि से आग लगने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इस तरह एक घातक दुश्चक्र चल निकला है। वनाग्नि से असंख्य जीव-जंतु नष्ट हो जाते हैं और जैव विविधता के लिए बड़ा खतरा पैदा हो जाता है। मिट्टी की ऊपरी परत जल कर खुरखुरी हो जाती है और बारिश में बह कर समुद्र में पहुंच जाती है। वनस्पति का आच्छादन समाप्त हो जाने से भू-जल भरण की प्रक्रिया भी बाधित हो जाती है। वायु प्रदूषित हो जाने के कारण श्वास संबंधी रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है। हमारे देश में भी वनाग्नि भयंकर समस्या बनती जा रही है। अकेले हिमाचल प्रदेश में ही इस वर्ष 1900 वनाग्नि की घटनाएं हो चुकी हैं। इससे 20,000 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। इसमें से 2729 हेक्टे।प वृक्षारोपण क्षेत्र है। 374 वन बीट संवेदनशील हैं। इससे 6।61 करोड़ रु। का नुकसान अनुमानित है। किन्तु यह अनुमान तो वृक्ष की मृत पैदावार की कीमत पर आधारित है। पेड़ की पर्यावरणीय सेवाओं के हिसाब से यदि नुकसान का आकलन करना हो तो यह अरबों रुपये में जाएगा। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए दो तरह से प्रयास करने होंगे। एक तो आग लगने की घटनाएं ही कम होती जाएं ऐसी व्यवस्था करनी होगी। लोगों को जागरूक करना ताकि वे वनों में आग के नुकसान से परिचित हों और इस कार्य का प्रकट विरोध करने के लिए सक्रिय हों। वनों का नुकसान सरकार का नुकसान नहीं है बल्कि पूरे समाज का नुकसान है। आग लगाने वाले शरारती तत्वों को पकड़ने और दंडित करने की व्यवस्था हो। दूसरा काम है, जब आग लग जाती है तो उस पर काबू पाना। इसके लिए दीर्घकालीन योजना बनाई जानी चाहिए। आग लगे तो कुआं खोदने की प्रवृति से बाहर निकलना होगा। और आग प्रतिरोधक स्थाई योजना बनानी चाहिए। सबसे पहले आग लगने के तत्काल बाद पता लग जाना चाहिए। इसके लिए खोज टावर नेटवर्क, और दूरबीन एवं रेडियो से लैस कर्मी चाहिए जो त्वरित रिपोर्टिंग कर सकें। पुराने समय में लोगों की वनों पर निर्भरता का स्तर बहुत ऊंचा था जिससे आग बुझाने में उनका सहयोग लेना आसन था। लोग हाथ से कठिन परिश्रम के आदी थे और आग बुझाने जैसे कठिन काम को करने की हिम्मत जुटा लेते थे।

# यूपी में राहुल तो अन्य राज्यों में अखिलेश तलाश रहे हैं संभावनाएं

**संजय सक्सेना**

> "कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि राहुल गांधी के निर्णय से उत्तर प्रदेश कांग्रेस को बड़ी ताकत मिली है। प्रदेश कांग्रेस की मांग पर उन्होंने अपनी परंपरागत सीट को चुना है, जिससे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में उत्साह है। प्रदेश में संगठन को बूथ स्तर पर खड़ा करने के प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं। पार्टी अभियान के तहत इसमें जुटी है और वरिष्ठ पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी जा रही हैं। हर जिले में नए कार्यकर्ताओं को जोड़ा जा रहा है। पार्टी मुख्यालय में आज राहुल गांधी का जन्मदिन मनाए जाने के साथ ही सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर विशेष आयोजन किए गये है। कांग्रेसी निराश्रित महिलाओं के बीच जाकर खुशियां बांटेंगे"

**उत्तर प्रदेश** की रायबरेली लोकसभा सीट से राहुल गांधी की जीत के बाद यूपी में पार्टी के लिये नई संभावनाएं तलाश रहा कांग्रेस आलाकमान और गांधी परिवार एक बार फिर प्रदेश में विस्तार के लिये कमजोर हो चुके संगठन को नए सिरे से खड़ा करने का प्रयास कर रहा है। राहुल गांधी ने भले ही समाजवादी पार्टी के वोट बैंक के सहारे रायबरेली से जीत हासिल की हो,लेकिन वह अपनी जीत को इस तरह से प्रचारित कर रहे हैं जैसे यूपी की जनता कांग्रेस को फिर से बीजेपी के विकल्प के रूप में देखने लगी है। राहुल गांधी ने केरल की वायनाड सीट से त्यागपत्र देकर रायबरेली सीट का संसद में प्रतिनिधित्व करने का निर्णय कर कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार किया है,अब यह उर्जा कब तक बरकरार रहेगी कोई नहीं जानता है। इस बार समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाकर चुनाव लड़ रही कांग्रेस को यूपी में 06 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हुई थी। यूपी को लेकर राहुल गांधी की चपलता को आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है। साढ़े तीन दशक से उत्तर प्रदेश में अपनी खोए जनाधार को तलाश रही कांग्रेस को अबकी लोकसभा चुनाव के नतीजों से नई उम्मीद जागी है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की निगाह अब उत्तर प्रदेश पर सबसे अधिक है। बीजेपी ने आम चुनाव में काफी खराब प्रदर्शन किया था,इससे भी कांग्रेस में खुशी का माहौल है।

बहरहाल, यह एक पहलू है। दूसरा पहलू यह है कि समाजवादी पार्टी ने यूपी में कांग्रेस को वह सब कुछ दे दिया है जिसकी उसे वर्षो से दरकार थी,लेकिन अब अखिलेश इसकी कीमत वसूलना चाहते हैं। अखिलेश भी कांग्रेस से इस बात की अपेक्षा कर रहे हैं कि वह भी यूपी में बाहर उन राज्यों में उसको हिस्सेदारी दे जहां जल्द विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को उसका हिस्सा नहीं दिया तो सपा प्रमुख अपनी साइकिल से कांग्रेस को उतारने में देरी नहीं करेंगे। सपा के सूत्र कह रहे हैं कि आम चुनाव के बाद यूपी में विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस-सपा का गठबंधन महाराष्ट्र और हरियाणा चुनाव पर निर्भर करेगा। अगर



कांग्रेस इन दो राज्यों में सपा को सीट देने के लिए तैयार हुई, तभी सपा यूपी विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के किसी दावे पर विचार करेगी। यूपी में शीघ्र ही विधानसभा की 10 रिक्त सीटों पर चुनाव होने हैं। इनमें से एक सीट सीसामऊ (कानपुर) से सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा होने से रिक्त हुई है, जबकि नौ विधानसभा सदस्य अब लोकसभा सांसद बन चुके हैं। सपा के चार विधायकों अखिलेश यादव, अवधेश प्रसाद, लालजी वर्मा और जियाउर रहमान बर्क की सीटें उनके लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद रिक्त हो गई हैं। अखिलेश वर्ष 2019 का विधानसभा चुनाव करहल, अवधेश प्रसाद मिल्कीपुर, लालजी वर्मा कटेहरी और जियाउर रहमान कुंदरकी से जीते थे। खैर से भाजपा विधायक अनूप प्रधान वाल्मीकि, गाजियाबाद से अतुल गर्ग और फूलपुर से भाजपा विधायक प्रवीण पटेल के भी लोकसभा सदस्य चुने जाने से अब यह स्थान खाली हो गए हैं। मझवा (मिजार्पुर) से निषाद पार्टी के विधायक विनोद कुमार बिंद और मीरापुर से रालोद के विधायक चंदन चौहान भी अब सांसद हो गए हैं। इस तरह से शीघ्र ही चुनाव आयोग इन 10 रिक्त सीटों पर चुनाव कराएगा। कांग्रेस इंडिया गठबंधन के तहत सपा से विधानसभा उपचुनाव में भी साझेदारी चाह रही है।

बताते चलें कांग्रेस और सपा के बीच ऐसा ही मनमुटाव लोकसभा चुनाव से पहले हुए मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा को सीट न दिए जाने से दोनों दलों के बीच देखने को मिला था।। इस साल अक्टूबर में महाराष्ट्र और हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने हैं।वहीं 2025 में पश्चिम बंगाल,दिल्ली और बिहार में विधान सभा चुनाव होने हैं। सपा के अंदरखाने चर्चा है कि कि अगर कांग्रेस महाराष्ट्र और हरियाणा में उनकी पार्टी को कुछ सीटें देने पर रजामंद हुई, तभी यूपी के उपचुनाव में कांग्रेस को कोई सीट देने पर विचार किया जा सकता है। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी की ठीकठाक पकड़ है। 2019 के विधानसभा चुनाव में यहां से सपा के दो विधायक जीते थे। इससे पहले भी सपा वहां चुनाव जीतती रही है। इसी आधार पर सपा ने महाराष्ट्र में दावा करने का फैसला किया है। वहीं, हरियाणा की 20 सीटों पर मुस्लिम-यादव समीकरण प्रभावी हैं, जिसे सपा अपने पक्ष में मानती है। इस बारे में सपा के प्रवक्ता राजेंद्र चैधरी का कहना है कि यूपी में सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन है, लेकिन उपचुनाव में सीटों के मामले में कोई भी निर्णय समय आने पर सपा नेतृत्व ही लेगा।

उधर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि राहुल गांधी के निर्णय से उत्तर प्रदेश कांग्रेस को बड़ी ताकत मिली है। प्रदेश कांग्रेस की मांग पर उन्होंने अपनी परंपरागत सीट को चुना है, जिससे पदाधिकारियों व कार्यकताओं में उत्साह है। प्रदेश में संगठन को बूथ स्तर पर खड़ा करने के प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं। पार्टी अभियान के तहत इसमें जुटी है और वरिष्ठ पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी जा रही हैं। हर जिले में नए कार्यकताओं को जोड़ा जा रहा है। पार्टी मुख्यालय में आज राहुल गांधी का जन्मदिन मनाए जाने के साथ ही सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर विशेष आयोजन किए गये है। कांग्रेसी निराश्रित महिलाओं के बीच जाकर खुशियां बांटेंगे।

सूत्र बताते हैं कि लोकसभा चुनाव में अमेठी व रायबरेली समेत छह सीटों पर कांग्रेस की जीत के बाद प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष के लिए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की चुनौती भी और बढ़ गई है। पार्टी के निष्क्रिय चेहरों को चिह्नित कर हटाने की तैयारी भी है। माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी की सक्रियता अब और बढ़ेगी। जिसके बाद प्रदेश कार्यकारिणी में कुछ नए चेहरे भी शामिल हो सकते हैं। इसके साथ ही कांग्रेस की सहयोगी दलों के साथ प्रस्तावित धन्यवाद यात्रा में भी राहुल गांधी की अधिक सक्रियता होने की उम्मीद जताई जा रही है।

कुल मिलाकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की अपनी-अपनी सियासी महत्वाकांक्षा के चलते दोनों दलों के बीच की दूरियां धीरे-धीरे बढ़ती नजर आ रही हैं।

समाजवादी पार्टी को चिंता इस बात की भी है कि यदि कांग्रेस ने यूपी में फिर से जड़े जमा ली तो समाजवादी पार्टी को इसका दीर्घकालीन खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।बता दें समाजवादी पार्टी के पास आज जो भी वोट बैंक है,उस पर कभी कांग्रेस का कब्जा हुआ करता था। सपा के पूर्व प्रमुख और दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव यह बात अच्छी तरह से समझते थे,इसीलिए उन्होंने कभी कांग्रेस से गठबंधन में रूचि नहीं दिखाई।

नेताजी बेटे अखिलेश को भी कई बार सचेत कर चुके थे कि कांग्रेस से उसकी नजदीकी ठीक नहीं हैं। 2017 के विधान सभा चुनाव के समय नेताजी ने यह बात कही थी,तब कांग्रेस-सपा ने मिलकर यूपी विधान सभा चुनाव लड़ा था। परंतु तब इन दोनों नेताओं को कोई खास कामयाबी नहीं मिल पाई थी।

## कविता

चमत्कारिक योग'

भारतीय वैदिक योग  
जनमानस होता निरोग,  
विश्व गुरु बनने की  
प्रथम क्रिया तथा  
प्रतिक्रिया में  
पहला कदम है  
वैश्विक योग दिवस,  
भारत की पहल पर  
विश्व में मनाया जाएगा  
वैश्विक योग दिवस।  
पहले निरोगी काया  
फिर उस पर योग का साया,  
पड़ जाए फिर स्वस्थ  
जीवन की छाया।  
योग ने किया सबको निरोगी  
वैश्विक मुद्रा के लिए भी उपयोगी।  
स्वस्थ रहेगा तन और मन  
योग शिक्षा से ही  
कमा पाएंगे हम  
पोंड,डॉलर और धन,  
विश्व के गुरु तो बनेंगे ही  
देंगे दुनिया को दिशा दर्शन,  
आओ अपनाएं योग को  
दूर भगाएं सारे रोग को,  
योग विद्या है भारत की संपत्ति,  
अपनाने में किसी को नहीं है आपत्ति,  
आओ हम सब लोग  
योग सीखे और सिखाएं

संजीव

---------

## एक प्रोग्राम, एक परीक्षा पद्धति" पर विचार होना चाहिए

**प्रो.मनमोहन प्रकाश**

**ये हमारे देश के** शिक्षा तंत्र को क्या हो गया है। बोर्ड से लेकर विश्वविद्यालयों तक तथा अच्छे शिक्षण संस्थानों में प्रवेश से लेकर नोकरी तक के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में कभी प्रश्न पत्र लीक के समाचार प्राप्त होते हैं, कभी सिलेबस के बाहर प्रश्न पूछे जाने की खबरें प्राप्त होती हैं और परीक्षार्थियों द्वारा आपत्ति लेने पर उन प्रश्नों को निरस्त कर दिये जाते हैं।कहीं उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सही नहीं होता है। किन्हीं परीक्षा केन्द्रों से परीक्षा में नकल करने और कहीं से सामुहिक नकल कराने की खबरें समय-समय पर आती रहती हैं। इतना ही नहीं कभी परीक्षा परिणाम जरूरत से ज्यादा देरी से आते है तो कहीं परीक्षा परिणाम जरूरत से ज्यादा जल्दी आ जाते हैं। कभी-कभी तो परीक्षार्थियों को परीक्षा परिणाम में की गई अनियमितता के लिए, उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से सहमत नहीं होने कारण न्यायालय की शरण में जाना पड़ता है। ये सब घटनाएं देश के शिक्षा तंत्र की इमेज को निश्चित रूप से प्रभावित करती हैं। इतना ही नहीं शिक्षा नीति 2020 को केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान कर देने के बाद भी भारत के सभी राज्यों में अभी तक लागू नहीं किया जा सका। परिणाम यह है कि कुछ विश्वविद्यालय और स्वशासी शिक्षा संस्थानों में सेमेस्टर परीक्षा पद्धति लागू है तो कुछ अन्य में वार्षिक परीक्षा पद्धति लागू है। कहीं स्नातक प्रोग्राम तीन वर्ष का है, कहीं स्नातक प्रोग्राम चार वर्ष का है।एक ही प्रोग्राम और कोर्स के लिए पाठ्यक्रम भी अलग-अलग दिखाई देते हैं, प्रश्न पत्र का पेटर्न भी अलग-अलग हैं, अंतरिक्ष परीक्षाओं का अधिभार और मूल्यांकन का तरीका भी भिन्न है। विधार्थियों की महाविद्यालयों में दैनिक उपस्थित घट रही है और कोचिंग संस्थानों में उपस्थित बढ़ रही है। शिक्षण संस्थानों में मूल भूत सुविधा की दृष्टि से मानक भी एक समान नजर नहीं आते हैं। विधार्थियों में अनुशासन और राष्ट्र प्रेम की भावना जगाने वाली एनसीसी की सुविधा भी प्रत्येक शिक्षण संस्थानों में नहीं है जबकि भारत अभी भी पूरी तरह से आतंकवाद, नक्सलवाद से मुक्त नहीं हुआ है और विभिन्न देशों के मध्य चल रहे युद्ध और शीत युद्ध के कारण निकट भविष्य में विश्व युद्ध की संभावनाओं से कोई इंकार नहीं कर रहा है।शरीर और मन को स्वस्थ रखने में और हार या जीत की विभिन्न परिस्थितियों सामंजस्य स्थापित करने में खेलों का अपना विशेष स्थान है ऐसे में कुछ ही शिक्षण संस्थानों से आउटडोर और इनडोर खेल की सुविधाएं नजर आती है। सबसे चिंता जनक बात यह है कि प्रतियोगी परीक्षाओं (नोकरी/प्रवेश हेतु) और उपाधि परिक्षाओं के प्रश्नपत्र में कोई समानता नजर नहीं आती है। जबकि किसी भी प्रोग्राम की शिक्षा प्राप्त कर लेने के बाद अधिकांश विधार्थियों का लक्ष्य प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से अच्छी नोकरी प्राप्त करना होता है।

अतः जब हमारा देश एक राष्ट्र,एक निशान,एक विधान की दिशा में आगे बढ़ रहा है तो उसे एक जैसे शिक्षा प्रोग्राम के लिए एक पाठ्यक्रम,एक परीक्षा पद्धति पर भी विचार करना चाहिए।

## विचार

# बुलेट ट्रेन- वंदे भारत नहीं ट्रेन्स का सुरक्षित संचालन जरूरी

**निर्मल रानी**

**गत 15 जून को** रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव दिल्ली में पत्रकारों से एक अनौपचारिक वार्ता के दौरान रेल मंत्रालय की उपलब्धियां गिनाते हुये कह रहे थे कि भारतीय रेल आगामी 5 वर्षों में 250 से अधिक वंदे भारत एक्सप्रेस और 300 से अधिक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन्स चलाने की योजना पर कार्यरत है। इसी वार्ता के दौरान उन्होंने नई रेल पटरियां बिछाने ,गाड़ियों को तीव्र गति देने जैसे कई विषयों पर रौशनी डाली। रेल मंत्री ने यह भी बताया कि सुरक्षित यात्रा के लिए छह हजार किलोमीटर के मार्ग पर कवच लगाने का काम तेज गति से चल रहा है और अब दस हजार किलोमीटर मार्ग को कवच से लैस करने के लिए निविदा लाने की तैयारी की जा रही है। रेल मंत्री ने बताया कि नेटवक की क्षमता का विस्तार होने के बाद नयी गाड़ियों को तेज गति से चलाना संभव होगा। जिस दिन रेल मंत्री अपने मंत्रालय की उपरोक्त अनेक उपलब्धियां गिना रहे थे उसके ठीक दो दिन बाद यानी 17 जून (सोमवार) को प्रातःकाल जलपाईगुड़ी के पास खड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन में पीछे से आ रही एक मालगाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। रंगापानी और निजबाड़ी के निकट हुई इस दुर्घटना में तीन बोगियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। इस दुर्घटना में अब तक 15 लोगों के मरने व 60 से अधिक लोगों के घायल होने का समाचार है। इस घटना को लेकर रेलवे की ओर से अंतर्विरोध पैदा करने वाले बयान सुनने को मिले।रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा के अनुसार उक्त ट्रेन्स में टक्कर संभवतः इसलिए हुई क्योंकि मालगाड़ी ने सिग्नल की अनदेखी की और अगरतला से सियालदह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस को टक्कर मार दी। जबकि लोको पायलट संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष संजय पांधी ने कहा कि ह्यह्यरेलवे बोर्ड का यह कहना गलत है कि चालक को लाल सिग्नल पर एक मिनट के लिए ट्रेन रोकनी चाहिए और टीए 912 मिलने के बाद सीमित गति से आगे बढ़ना चाहिए.ह्व उन्होंने कहा, ह्यह्यलोको पायलट की मौत हो जाने और सीआरएस जांच लंबित होने के बावजूद लोको पायलट को ही जिम्मेदार घोषित करना अत्यंत आपत्तिजनक है।ह्व प्रायः रेल दुर्घटना बाद इस तरह के अंतर्विरोध पैदा करने वाले बयानआना भी एक सामान्य बात है। क्योंकि प्रत्येक अधिकारी यही चाहता है कि वह स्वयं को सुरक्षित रखते हुये दुर्घटना का जिम्मेदार किसी और कर्मचारी या अधिकारी को ठहरा दे। जाहिर है यह नैतिकता का वह दौर तो है नहीं जबकि नवंबर 1956 में तमिलनाडु में हुई एक बड़ी रेल दुर्घटना के बाद तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने नैतिक आधार पर रेल मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। बहरहाल रेल विभाग के विकास व आधुनिकीकरण के तमाम दावों के बावजूद किसी न किसी कारण रेल दुर्घटनाओं का सिलसिला अभी भी बदस्तूर जारी है। दो जून 2023 को ओडिशा में बेंगलुरू-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी से जुड़ी भयानक ट्रिपल ट्रेन दुर्घटना जिस में कम से कम 50 लोग मारे गए थे और 350 से अधिक घायल हो गए थे वह तो सबसे अधिक चर्चा का केंद्र बनी थी। गत दस वर्षों में हुई प्रमुख रेल दुर्घटनाओं में 26 मई 2014 को उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर में गोरखपुर की ओर जा रही गोरखधाम एक्सप्रेस दुर्घटना हुई जो खलीलाबाद स्टेशन के पास खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। फिर 20 नवंबर 2 016 को कानपुर में पुखरायां के निकट इंदौर-पटना एक्सप्रेस पटरी से उतर गई थी जिसमें कम से कम 150 यात्रियों की मौत हो गई थी और 150 से अधिक यात्री घायल हो गए थे। इसी तरह 18 अगस्त 2017 को पुरी-हरिद्वार उत्कल एक्सप्रेस मुजफ़्फ़र नगर में पटरी से उतर गई थी जिसमें 23 लोगों की मौत हो गई थी और लगभग 60 अन्य घायल हो गए थे। इसके बाद 13 जनवरी 2022 को बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस के 12 डिब्बे पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार क्षेत्र में पटरी से उतर गए, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई और 36 अन्य घायल हो गए। यह घटनायें उल्लेखनीय हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**

**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**

**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# हिन्दी अंकों की अपेक्षा क्यों ?

**सुनील चौरसिया 'सावन'**

**मुझे मतगणना में माइक्रो आब्जर्वर** पद पर सेवाएं प्रदान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सभी दस्तावेजों पर अंग्रेजी अंक लिखने की अनिवार्यता ने मुझे झकझोर कर रख दिया। जमीनी स्तर पर हिन्दी अंकों का आंगन सजाना बहुत जरूरी है। राजभाषा हिन्दी हित हेतु विद्यार्थियों के मानस-क्षेत्र में हिन्दी अंकों का पौधारोपण आवश्यक है। भाषा और भाव से ही भव का सृजन होता है।

**नजरों को बदलो, नजारे बदल जाएंगे ।**
**वक्त आने पर चांद-सितारे बदल जाएंगे।। - सावन**

हमें व्यवहारिक जीवन में हिन्दी अंक ०,१,२,३,४,५,६,७,८ और ९ लिखने का अहर्निश अभ्यास करते रहना चाहिए। प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र 'आज' जो वर्ष १९२० ई. से अनवरत प्रकाशित हो रहा है, वह आज भी हिन्दी अंकों को विशेष सम्मान प्रदान कर प्रकाशित करता है। समस्त संपादकों एवं प्रकाशकों को भी अपने समाचार-पत्रों एवं पत्रिकाओं में हिन्दी अंकों को विशेष महत्व देना चाहिए। हम चाह कर भी हिन्दी अंकों का सहारा लेकर न फोन कर पाते हैं और न ही ईमेल आईडी बना पाते हैं। हिन्दी अंकों के प्रयोग की दृष्टि से सभी सॉफ्टवेयर में सुधार की आवश्यकता है। पासवर्ड बनाते वक्त भी हिन्दी अंकों का प्रयोग अनिवार्य होना चाहिए। आम आदमी के जीवन में भी हिन्दी अंकों का खास स्थान होना चाहिए।

समस्त निजी एवं सरकारी दस्तावेजों पर हिन्दी अंकों की अनिवार्यता अत्यावश्यक है। महत्व देने से महत्व बढ़ता है। आज हिन्दी अंक विलुप्त से हो गए हैं। इसका जिम्मेदार हम और आप हैं। हम सुधरेंगे तो हमारा समाज सुधरेगा। समाज सुधरेगा तो राष्ट्र सुधरेगा और एक दिन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी हिन्दी अंकों को सम्मानजनक स्थान प्राप्त होगा। आइए, हम हिन्दी अंकों को लिखना और सीखना स्वयं से शुरू करें।

## आइए! जी भर के झूठ बोलें

**रामविलास जांगिड़**

**झूठ का** सबसे बड़ा गुण है उसका सृजनात्मक होना। सच अपने आप में स्थिर और अपरिवर्तनीय होता है, जबकि झूठ एक कहानी की तरह होता है। झूठ को हम अपनी कल्पना से सजा सकते हैं। झूठ सामाजिक राजनीतिक संबंधों को मजबूत करने का एक अद्वितीय तरीका है। नेताजी ने नई टोपी खरीदी। वे आपसे उसकी प्रशंसा की उम्मीद कर रहे हैं। वास्तव में टोपी अच्छी नहीं है, लेकिन आप सुंदर सा झूठ बोलकर कहेंगे- "वाह क्या टोपी पहनी है! एकदम प्रधानमंत्री लग रहे हो! वाह!" एक छोटा सा झूठ बोलकर आप उनके चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं। सच को बदलना असंभव होता है, लेकिन झूठ को परिस्थितियों के अनुसार बदला जा सकता है। अगर आपने एक झूठ बोला और बाद में परिस्थिति बदल गई, तो आप अपने झूठ को भी उसी के अनुसार बदल सकते हैं। यह लचीलापन हर परिस्थिति में संभालने की क्षमता प्रदान करता है। झूठ में अनोखी मनोरंजन क्षमता होती है। दुनिया झूठ सुनने में आनंदित होती है। टीवी और सिनेमा की दुनिया में तो सिर्फ झूठ ही झूठ होता है। यही दर्शकों को बांधे रखता है। सभी कहानियां मात्र झूठ पर ही आधारित होती है। अगर कहानी सच की हो जाए तो पल भर में लड़ाई ना हो जाए? नेताओं के सारे वादे झूठे! राजनीतिक पार्टियों के वादा पत्र, घोषणा पत्र, संकल्प, नारे सब महाझूठे! टीवी अखबार में आने वाले सारे विज्ञापन झूठे! घर में पत्नी की तारीफ में कही हुए सारी बातें झूठी! सूरज रोज पूर्व में उगता है, यह भी एक महाझूठ! झूठ हमारे जीवन को एक रंगीन कैनवास बनाता है। एक उदास और एकरंगी जीवन में, झूठ रंग भरने का काम करता है। यह हमें हमारी वास्तविकता से परे एक नई दुनिया की सैर कराता है। यह हमें वह दिखाता है जो हम देखना चाहते हैं, न कि वह जो वास्तव में है। झूठ एक बहुआयामी उपकरण है जो सृजनात्मकता, सामाजिक संबंध, लचीलापन, मनोरंजन और रंगीन जीवन की पेशकश करता है। झूठ अपने आप में कमाल का और अति आवश्यक कौशल है। झूठ बोलने से समाज में शांति बनी रहती है। इससे मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जब झूठ बोलते हैं और लोग उसे मान लेते हैं, तो इससे एक प्रकार का आत्म-संतोष मिलता है। इससे मानसिक तनाव कम होता है और आप खुश रहते हैं। झूठ बोलने से रचनात्मकता में वृद्धि होती है। झूठ बोलने के लिए नई-नई कहानियां गढ़नी पड़ती हैं, जिससे दिमाग तेज होता है और कल्पनाशक्ति बढ़ती है। घर में शांति बनाए रखने के लिए झूठ बहुत उपयोगी हो सकता है। यदि पत्नी जी नई ड्रेस में मोटी लग रही हो तो दुनिया का कौन सा पति है जो सच बोलकर बीवी से अपना माथा फुड़वाएगा? दुनिया के सारे पति लोग झूठ बोलने में माहिर हैं।

# स्वस्थ लीवर के लिए बेस्ट फूड

**हमारे** देश में लीवर की ही समस्या सबसे ज्यादा आ रही है। जानते हैं क्यों, क्योंकि हम बिना सोचे समझे ही कुछ भी अपने शरीर पर आजमाते रहते हैं यानी जो चीजें हमारे शरीर के लिए बनी ही नहीं हैं उसे जबरदस्ती अंदर ढकेल लेते हैं। वह चाहे खाने की चीजें हो या पीने की चीजें। ज्यादातर लोगों को यह मालूम होता है कि फला चीजों से हमारे शरीर को नुकसान ही पहुंचेगा लेकिन फिर भी लोग ''आ बैल सींग मार' वाली काहवत पर उतारूर रहते हैं। सभी जानते हैं की सिगरेट-शराब, कोल्ड ड्रिंक आदी लीवर को खराब व गला देते हैं। लेकिन फिर भी लोग इनपर पानी की तरह पैसा और अपना जीवन दांव पर लगाते रहते हैं और नतीजा लीबर खराब हो जाता है।लीवर या जिसे जिगर भी कहा जाता है, शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है जिसका वजन लगभग 1.3 किलोग्राम होता है। लीवर, एक प्रकार की ग्रंथि होती है जिससे शरीर के अन्य भागों के लिए आवश्यक पदार्थों का स्त्रव होता है। लीवर ही शरीर का एक ऐसा हिस्सा है जो अंग और ग्रंथि दोनों है। एक स्वस्थ लीवर, रक्त को शुद्ध, विषाक्तरहित कर देता है और पोषक तत्वों को अवशोषित करके मल आदी को बाहर निकालने की प्रक्रिया में शरीर में अहम भूमिका निभाता है। अगर लीवर के इतने काम हैं तो इसे स्वस्थ बनाएं रखना बेहद आवश्यक होता है। ऐसे में आपको ध्यान रखना होगा कि आप अपनी जीवनशैली को दुरुस्त बनाएं रखें और शरीर को स्वस्थ बनाने वाले भोजन का सेवन ही करें।

**■ लीवर ही शरीर का एक ऐसा हिस्सा है जो अंग और ग्रंथि दोनों है**

**■ एक स्वस्थ लीवर, रक्त को शुद्ध, विषाक्त रहित कर देता है और पोषक तत्वों को अवशोषित करके मल आदी को बाहर निकालता है**

**स्वस्थ लीवर के लिए सेवन करें**

**1. लहसुन :** लहसुन में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर कम करने के गुण होते हैं जिससे लीवर पर जोर कम पड़ता है। इस तरह, इसका सेवन करने मात्र से ही लीवर के संचालन में सरलता आ जाती है और पाचन संबंधी गड़बड़ियां भी सही हो जाती हैं।

**2. अंगूर :** अंगूर में विटामिन ''सी' होता हैं, साथ ही इसमें पेक्टिन और एंटीऑक्सीडेंट भी भरपूर मात्रा में होते हैं। इससे लीवर की क्लीनिंग प्रॉसेस अच्छी रहती है। ग्रेपफ्रूट में फ्लोवेनॉयड भी होता है जिससे लीवर स्वस्थ बना रहता है। साथ ही इसके सेवन से वसा भी नहीं बढ़ता है, जिसे पचाने में लीवर को कोई जोर नहीं लगाना पड़ता है।

**3. चुकंदर :** चुकंदर, रक्त बनाने के साथ-साथ लीवर के स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा होता है। इसमें भरपूर मात्रा में फ्लैवोनॉयड्स और बीटा-कारोटीन होता है जिससे लीवर अच्छी तरह काम करता है।

**4. नींब :** नींबू में कई गुण होते हैं, जो पूरे शरीर के लिए फायदेमंद होता है लेकिन क्या आपको मालूम है कि इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट ''डी लिमोनेन' भी होता है जो शरीर में अच्छे एंजाइम्स को एक्टिव कर देता है।

**5. ग्रीन टी :** हर दिन ग्रीन टी पीने से शरीर की विषाक्तता समाप्त हो जाती है, यानी सारे टॉक्सिन निकल जाते हैं। ऐसे में लीवर का काम कम हो जाता है। ग्रीन टी, लीवर में लिपिड कैटाबोल्जिम को बढ़ाने में मदद करती है जिससे लीवर स्वस्थ हो जाता है।

**..और यह न करें**

**धूम्रपान व शराब :** लीवर को स्वस्थ बनाएं रखने के लिए हर संभव प्रयास करें और स्वास्यवर्धक चीजें ही खाएं। धूम्रपान न करें, शराब का सेवन भी हानिकारक होता है। इससे लीवर को ज्यादा क्षति पहुंचती है।

# नैनो तकनीक से मिनटों में साफ होंगे गंदे कपड़े



**मेलबर्न।** अभी तक हम अपने कपड़ों को साफ करने के लिए डिटर्जेट पाउडर और वॉशिंग मशीन का उपयोग करते हैं। कपड़ों को साफ करने के लिए हम ज्यादा मेहनत करते हैं डिटर्जेंट में उन्हें बार-बार रंगड़ते हैं पर अब वो दिन ज्यादा दूर नहीं जब आपको अपने कपड़े साफ करने के लिए न मेहनत करनी होगी। न तो डिटर्जेट का इस्तेमाल करना होगा, न पानी का और न ही वॉशिंग मशीन का। कुछ न करके भी आपके कपड़े सफेद, चमकदार बने रहेंगे।शोधकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने एक ऐसी तकनीक विकसित की है जिससे कपड़ों को बल्ब की रोशनी या धूप में रखने पर वे छह मिनट के अंदर खुद ही साफ हो जाएंगे। मेलबर्न के ''आरएमआईटी विविद्यालय' के शोधकर्ताओं ने विशेष नैनो-तकनीक से एक ऐसा कपड़ा बनाया है जो रोशनी में खुद साफ हो जाता है। शोधकर्ताओं के इस दल में एक भारतीय मूल के वैज्ञानिक भी शामिल हैं। हालांकि शोधकर्ता राजेश रामनाथन के अनुसार अभी इस क्षेत्र में काफी काम किए जाने की जरूरत है। यह शोध ''एडवांस मैटेरियल इंटरफेसेस जर्नल' में प्रकाशित हुआ है।शोधकर्ताओं ने यह कपड़ा चांदी और तांबा आधारित नैनो-संरचनाओं से विकसित किया है जो अपनी प्रकाश को सोखने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। जब इन नैनो-संरचाओं पर रोशनी पड़ती है तो इनमें ऊर्जा के संचार से गर्म इलेक्ट्रॉन निकलते हैं। ये गर्म इलेक्ट्रॉन ऊर्जा का संचार करते हैं जिससे ये कपड़ा कार्बिनक पदार्थो (धूल-मिट्टी) को हटा देता है। रामनाथन का कहना है कि यह कपड़ा कार्बिनक पदार्थो को तो साफ कर लेता है लेकिन इसे जैविक पदार्थो को भी साफ करने लायक बनाने की चुनौती अब भी बनी हुई है। अभी इसे आने में कुछ समय बाकी है।

# बच्चों की टीवी देखने की लत कैसे छूटे

**नई दिल्ली।** बच्चों की आदत खराब करने में सबसे बड़ा योगदान अगर टीवी को कहें तो गलत न होगा। बच्चे सबसे ज्यादा चीजें टीवी कार्यक्रमों से ही सीखते हैं और अपने जीवन में ढालते हैं। इस तरह बच्चों की आदत बिगड़ जाती है। सबसे ज्यादा वच्चे टीवी पर एड की चीजों को देख कर वही चीजें डिमांड करते हैं और उस जैसा बनना बच्चों को अच्छा लगता है और इस तरह बच्चों की आदत बिगड़ जाती है। वैसे बच्चें हों चाहे बड़े, टीवी देखने की आदत हर किसी को होती है। टीवी देखना बुरा नहीं होता, मगर टीवी के सामने हर वक्त पूरा काम-काज छोड़ कर बैठना एक गंदी आदत होती है। वहीं अगर बच्चे टीवी के आदि हो गए तो उनकी पढ़ाई-लिखाई चौपट समझो। टीवी को कभी भी अपनी जिंदगी का अहम हिस्सा नहीं बनाना चाहिए। अगर आप या आपके घर में किसी को टीवी देखने की बुरी आदत पड़ी हुई है तो आप उसकी आदत को इस तरह दूर कर सकते हैं।



**■ अगर बच्चे टीवी के आदी हो गए तो उनकी पढ़ाई-लिखाई चौपट हो सकती है**

**■ टीवी की आदत तब तक अच्छी है जब तक उससे आपका खाली समय व्यतीत हो रहा है, बाकी इसे कभी भी अपनी जिंदगी का अहम हिस्सा नहीं बनाना चाहिए**

**घर में एक ही टीवी रखें :** घरों में एक से ज्यादा टीवी होने के कारण सदस्य हर वक्त टीवी से ही चिपके रहते हैं। अगर घर में एक ही टीवी रहेगा तो हर कोई अपने समय से टीवी देख कर दूसरे को टीवी देखने का मौका देगा। जिससे कोई भी व्यक्ति ज्यादा समय तक टीवी के सामने नहीं बैठेगा।

**टीवी का रिमोट छुपा दें :** अगर पास में टीवी का रिमोट नहीं होगा तो चैनल को बार-बार कौन बदलेगा ? इसी तरह से देखने वाला बोर हो जाएगा और वह टीवी बंद कर देगा।

**फर्नीचर में बदलाव करें :** अपने कमरे का फर्नीचर ऐसा कर दें जिससे कि टीवी आसानी से उपलब्ध न हो सके। यानी जिसे भी टीवी देखना हो, उसे टीवी देखने के लिए फर्नीचर इधर-उधर करना पड़े। ऐसे में परेशानी की वजह से व्यक्ति टीवी देखने में आलस करेगा।

**बिना टीवी देखे भोजन करें :** अपने घर में एक नियम बनाएं कि कोई भी सदस्य टीवी देखते हुएभोजन नहीं करेगा।

**केवल कुछ ही टीवी शो देखें :** अपने टीवी देखने का कार्यक्रम हर हफ्ते बदलते रहें। टीवी गाइड ले कर बैठ जाइये और उसमें से कुछ ऐसे प्रोग्राम्स चुन लीजिए जो आपको हफ्तेभर में देखने हों। फिर उसे देखिये और फिर टीवी बंद कर दीजिए।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-5-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-2-4-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। अपने काम पर नजर रखिए। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-3-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी क्षुब्धता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ। शुभांक-1-3-5

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-2-4-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। यात्रा का योग है। आय के योग बनेंगे। शुभांक-4-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-4-6-7

## लॉफिंग ज़ोन

एक सूटबूटधारी सज्जन एक व्यस्त बाजार में कारो के बीच हाथ-पैर फैलाए लेटा हुआ था. सिपाही ने देखा तो पूछा- क्या हुआ? दौरा-वौरा पड़ गया या चक्कर आ गए?

सज्जन बोले - नहीं जी दरअसल मेरी बीवी कार लेकर यहां पहुंचने वाली है और मैं इस व्यस्त बाजार में कार पार्क करने की जगह घेरे हुए हूं.

☺ ☺ ☺

रोहित (राहुल से) - तुम स्विटरजरलैड में कहां रहे?

राहुल (रोहित से) - 'जानहेग' कस्बे में.

रोहित (राहुल से) - तुम्हे मालूम होना चाहिए कि स्विस भाषा में 'जे' का उगारण 'एच' होता है. वह 'जानहेग' नहीं 'हानहेग' है. वैसे आप वहां कब तक रहे?

राहुल (रोहित से) - हून-हुलाई तक.

☺ ☺ ☺


एक युवक पायलट के लिए इंटरव्यू देने पहुंचा. इंटरव्यू में उससे पूछा गया - आपका दिल कहीं कमजोर तो नहीं?

युवक - जी मेरा दिल तो इतना मजबूत है कि पिछले तीन सालों में मुझे तीन-तीन दिल के दौरे पड़े फिर भी मै जिंदा हूं.

युवक से फिर पूछा गया- दौरे तुम्हें कब-कब पड़े?


युवक - जी जब श्रीदेवी, माधुरी और काजोल की शादी हुई थी तब.

## काकुरो पहेली - 4089



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो -4088 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली-4089



**बायें से दायें:-**

१. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'चलती है पुरवाई' गीतवाली फिल्म-३
३. 'मेरा मन तेरा प्यासा' गीत वाली देव आनंद, जाहिदा, जाहिरा की फिल्म-४
६. सनी, मीनाक्षी की सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
८. 'कब तक हुजूर रूठे रहोगे' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली फिल्म-४
११. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज, उर्मिला की फिल्म-२
१२. रघुवीर यादव, कुणालकपूर, तब्बू, नादिरा बब्बर की 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'क्या करे क्या ना करें' गीत वाली जैकी श्रॉफ, उर्मिला की फिल्म-३
१६. सनी देओल, करिश्मा की 'छम्मक छल्लो जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-३
१७. जैकी श्रॉफ, संजय, माधुरी की फिल्म-५
१९. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, दीप्ति नवल की सई परांजपे निर्देशित एक फिल्म-२
२२. 'कंधों से मिलते हैं कंधे' गीत वाली अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२३. राकेश रोशन, रेखा की 'सुन सुन सुन दीदी तेरे लिये' गीत वाली फिल्म-५
२५. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान, विनोद मेहरा, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
२६. संजय दत्त, सलमान खान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
२९. मिलिंद सोमण, विक्रम सलूजा, किरण झवेरी की फिल्म-३
३०. फिल्म 'रफूचक्कर' में नायिका थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मेरा नाम है चमेली' गीत वाली संजीव कुमार, नाजिमा, कुमकुम की फिल्म-२,२,२
२. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'सिर्फतुम ही तो हो जिसपे' गीत वाली शम्मीकपूर, साधना की फिल्म-५
५. अभिषेक बच्चन, भूमिका चावला की 'दिल में जो बात' गीत वाली फिल्म-२
७. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली आमिरखान, ग्रेसीसिंह की फिल्म-३
९. संजयखान, बबीता की 'आ लगजा गले' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिल कपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. 'क्या सही प्यार है' गीत वाली फिल्म 'रॉकी' में संजयदत्त, के साथ नायिका कौन थी-३
१६. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'आई लव यू आई लव यू' गीत वाली फिल्म-५
१८. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
२०. संजय दत्त, माधुरी दीक्षित की 'तम्मा तम्मा लोगे' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'लो आगई उनकी याद' गीत वाली मनोज कुमार, आशा पारेख की फिल्म-१,३
२४. अक्षय कुमार, करीना कपूर की 'तूने कहा जब से हाँ' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'और क्या अहद ए वफा' गीत वाली सनी देओल, अमृतासिंह की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 4088



## सूडोकु 4089


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु 4088 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## शब्द पहेली -4089




**बाएँ से दाएँ**

1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**

1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुनः,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

शब्द पहेली -'4088 हल



## टोगो में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए

एजेंसी

**लोम।** टोगो से 87 किलोमीटर दूर दक्षिण पूर्व हिहिफो में भूकंप के तेज़ झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.0 मापी गयी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी।अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार आज सुबह 06:40 बजे दक्षिण पूर्व हिहिफो भूकंप के तेज झटकों से डोल गया। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.0 मापी गयी।

## पापुआ न्यू गिनी में भूकंप के झटके महसूस किए गए

**पोर्ट मोरेस्बी।** पापुआ न्यू गिनी में भूकंप के मध्यम झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.2 मापी गयी है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि ग्रीनविच मीन टाइम के अनुसार रात करीब 08:49 बजे कायनंतु शहर से करीब 47 किलोमीटर पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गये। भूकंप का केन्द्र 6.34 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 146.29 डिग्री पूर्वी देशांतर तथा जमीनी सतह से 103.7 किलोमीटर गहराई पर स्थित था।

## पेरु में भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये

**बीजिंग।** दक्षिणी अमरीका महाद्वीप में स्थित देश पेरू में सोमवार देर रात भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.9 मापी गयी है। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया कि ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) के अनुसार देर रात करीब 02:22 बजे उत्तरी पेरु में भूकंप के तेज झटके महसूस किये गए। भूकंप का केन्द्र 3.80 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 76.28 डिग्री पश्चिम देशांतर तथा सतह से 10.0 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। फिलहाल भूकंप की वजह से किसी भी प्रकार के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है। भूकंप का केंद्र अरेक्विपा विभाग के तट से करीब 25 किलोमीटर की गहराई पर प्रशांत महासागर में था।

## चेक गणराज्य में गोला-बारूद विस्फोट में एक सैनिक की मौत, आठ घायल

**प्राग।** चेक गणराज्य के एक सैन्य प्रशिक्षण क्षेत्र में गोला-बारूद विस्फोट में एक सैनिक की मौत हो गई और एक नागरिक सहित आठ अन्य व्यक्ति घायल हो गए। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। चेक गणराज्य मंत्रालय ने बताया कि यह दुर्घटना प्राग से लगभग 250 किलोमीटर पूर्व में लिबावा में हुई, जब गोला-बारूद तकनीशियनों को प्रशिक्षण दिया जा रहा था। मंत्रालय ने बताया कि घायलों को ओलोमौक शहर के अस्पतालों में ले जाया गया। सैन्य पुलिस विस्फोट के कारणों की जांच कर रही है।



## सऊदी अरब में भीषण गर्मी के बीच हज यात्रा के दौरान 41 जॉर्डनियों की मौत

**काहिरा,।** जॉर्डन के अधिकारियों ने बताया कि सऊदी अरब में हज यात्रा के दौरान लू लगने से 41 जॉर्डनियों की मौत हो गई। हाल के दिनों में तापमान में वृद्धि के कारण यह स्थिति बनी हुई है।मक्का में लू लगने से मरने वाले जॉर्डन के तीर्थयात्रियों को दफनाया जा रहा है। लापता तीर्थयात्रियों की तलाश की जा रही है। सऊदी अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों को धूप से बचने की चेतावनी जारी की। इस्लाम के सबसे पवित्र शहर में 51.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि अन्य नजदीकी पवित्र स्थलों पर अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।इस साल हज में करीब 18 लाख तीर्थयात्रियों ने हिस्सा लिया। यह पिछले सप्ताह शुक्रवार शाम को भीषण गर्मी के बीच मक्का में शुरू हुआ था। बसों और ट्रेनों से श्रद्धालुओं को पवित्र स्थलों तक पहुंचाया गया, लेकिन भारी भीड़ और भीषण गर्मी अभी भी तीर्थयात्रियों और अधिकारियों के लिए चुनौती बनी हुई है। गौरतलब है कि हाल के दशकों में, यहां भीड़ के कारण हुए हादसों में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है।



# चीन में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से 9 लोगों की मौत

### कई गांवों में बिजली ठप...फसलें भी हुई बर्बाद

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से नौ लोगों की मौत हो गई और कई गांवों में बिजली ठप होने के साथ-साथ फसलें बर्बाद हो गईं। इस बीच, देश के उत्तरी हिस्से को सूखे का सामना करना पड़ रहा है। तटीय प्रांत फुजियान की वुपिंग काउंटी में मूसलाधार बारिश के कारण चार लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य लोग लापता हो गये।

रविवार अपराह्न से तेज बारिश शुरू हुई और बीते 24 घंटे की अवधि के दौरान 372.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। आधिकारिक समाचार एजेंसी की खबर के मुताबिक, अधिकारियों ने बताया कि काउंटी में कम से कम 378 घर ढह गए और 880 हेक्टेयर (2,175 एकड़) फसलें नष्ट हो गई। वहीं वुपिंग में कम से कम 5.72 करोड़ अमेरिकी डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ। हांगकांग की सीमा से सटे दक्षिणी गुआंगदोंग प्रांत के मेइझोउ शहर में भीषण बाढ़ के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई।



स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, पंद्रह लोग लापता हैं। मेइझोउ में 1,30,000 से अधिक घरों में बिजली गुल हो गई जबकि कुछ पड़ोसी शहरों और गांवों में सोमवार तक बिजली नहीं आई। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, तीन हेलीकॉप्टर और बचाव दल की 200 से अधिक टीमें लापता लोगों की तलाश में जुटी हैं और प्रभावित क्षेत्रों में सहायता पहुंचा रही हैं।

# दक्षिण-मध्य चिली में तूफान से एक की मौत, 11,000 से अधिक लोग बेघर

एजेंसी

**सैंटियागो।** दक्षिण-मध्य चिली में तूफान के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई है और 8,900 से अधिक घरों को नुकसान पहुंचने से 11,126 लोग बेघर हो गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय आपदा निवारण और प्रतिक्रिया सेवा के उप निदेशक एलिसिया सेब्रियन ने संवाददाताओं से कहा कि 'फ्रंटल सिस्टम' के बिगडने से भारी बारिश होने से बायोबियो क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से प्रभावित हुए और तूफान के उत्तर की ओर बढ़ने पर राजधानी सैंटियागो सहित अन्य हिस्से प्रभावित होने की उम्मीद जतायी जा रही है।

सेब्रियन ने कहा, हमें उम्मीद है कि रात तक मध्य मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में बारिश हो सकती है और तूफान तब तक उत्तर की ओर बढ़ता रहेगा जब तक कि यह कोक्विम्बो क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से तक नहीं पहुंच जाता। सेब्रियन ने तूफ़ान और भारी बारिश के चलते भूस्खलन की चेतावनी दी है। राष्ट्रीय आपदा निवारण और प्रतिक्रिया सेवा ने पिचिलो नदी के तटबंध फटने के कारण अरौको, बायोबियो शहर के चार जिलों के निवासियों को अपने घर खाली करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह चिली में बारिश हुई, जिससे कोक्विंबो से लेकर लॉस रियोस तक नौ क्षेत्र प्रभावित हुए। आज उन्हीं क्षेत्रों में हल्की बारिश होने का अनुमान जताया गया है।



## इक्काडोर में खराब मौसम के कारण 126 लोग बेघर हुए

एजेंसी

**क्विटो।** इक्काडोर में जून के मध्य से अब तक करीब 126 लोग बेघर हो गए हैं, जब देश में, खास तौर पर इसके मध्य और अमेजन प्रांतों में चरम मौसम की मार पड़ी, राष्ट्रीय जोखिम प्रबंधन सचिवालय ने कहा। एजेंसी की



ताजा रिपोर्ट के अनुसार,देश के 24 प्रांतों में से 10 में चरम मौसम से संबंधित करीब 54 आपदाएं दर्ज की गईं। रिपोर्ट में कहा गया है,सबसे अधिक बार-बार होने वाली घटनाएं भूस्खलन (44.44 प्रतिशत) और बाढ़ (22.22 प्रतिशत) हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अन्य बुनियादी ढांचे के अलावा तीन पुल नष्ट हो गए हैं और चार अन्य क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक, तुंगुरहुआ के मध्य प्रांत में, रविवार को रिसॉर्ट शहर बानोस डी अगुआ सांता में भारी बारिश के कारण भूस्खलन होने से आठ लोग मारे गए और 18 अन्य लापता हैं।

## वियतनाम के उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र में भूस्खलन से 4 की मौत

एजेंसी

**हनोई।** स्थानीय मीडिया के अनुसार, सुबह वियतनाम के उत्तरी प्रांत बाक कान में पहाड़ी ढलान पर भूस्खलन से चार लोगों की मौत हो गई। घटना सुबह करीब 0:30 बजे (1730 GMT) हुई, जब एक परिवार के पांच लोग पैक



नाम जिले में पहाड़ी पर स्थित अपने घर में सो रहे थे।

भूस्खलन ने उनके घर को पूरी तरह से दफन कर दिया। उनमें से एक महीने के बच्चे सहित चार लोग दब गए। एक बच गया। वियतनाम समाचार एजेंसी के अनुसार, सोमवार रात 8 बजे से मंगलवार सुबह 6:30 बजे तक इस क्षेत्र में 90 मिमी बारिश हुई। देश के सामान्य सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, जनवरी से मई तक वियतनाम में प्राकृतिक आपदाओं के कारण 39 लोग मारे गए और लापता हो गए।

## संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त ने इजराइल-लेबनान के बीच पूर्ण युद्ध की दी चेतावनी

एजेंसी

**जिनेवा ।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयुक्त वोल्कर तुर्क ने मध्य पूर्व में एक और बड़े संघर्ष की चेतावनी दी है। तुर्क ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की बैठक में कहा, मैं लेबनान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव को लेकर बेहद चिंतित हूं। तुर्क ने लड़ाई को रोकने और इसके पूर्ण पैमाने के युद्ध में बदलने को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने का आह्वान किया। आठ महीने से भी अधिक समय पहले गाजा पट्टी में युद्ध की शुरुआत के बाद से लेबनान में इजराइली सेना और हिजबुल्लाह मिलिशिया व अन्य समूहों के बीच रोज ही सैन्य टकराव हो रहा है।तुर्क के अनुसार, इस संघर्ष में लेबनान में 401 लोग और इजराइल में 25 लोग मारे जा चुके हैं। संघर्ष के कारण दोनों पक्षों के हजारों लोगों को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है।मानवाधिकार परिषद के ग्रीष्मकालीन सत्र शुरू होने पर तुर्क ने कहा, हमें शांति की ओर लौटने का रास्ता तुरंत खोजने की जरूरत है।



# रूस ने यूक्रेन में युद्ध का समर्थन करने पर की उत्तर कोरिया की प्रशंसा

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में मॉस्को के युद्ध का 'दृढ़ता से समर्थन' करने के लिए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन की प्रशंसा की है। श्री पुतिन श्री जोंग-उन से मिलने प्योंगयांग जाने वाले हैं। यह उनकी साल 2000 के बाद से पहली प्योंगयांग यात्रा होगी। उत्तर कोरियाई सरकारी मीडिया में प्रकाशित एक पत्र में श्री पुतिन ने प्योंगयांग के साथ व्यापार और सुरक्षा प्रणाली बनाने का वादा किया 'जो पश्चिम द्वारा नियंत्रित नहीं है।' उत्तर कोरिया की सत्तारूढ़ पार्टी के मुखपत्र रोडोंग सिनमुन में छपे एक लेख में राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि उन्होंने 'अमेरिकी दबाव, ब्लैकमेल और सैन्य धमकियों' के बावजूद अपने हितों की रक्षा के लिए प्योंगयांग के प्रयासों का समर्थन करने का प्रण लिया है। श्री पुतिन अपने नए रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव, विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक के साथ आ सकते हैं। पिछले साल अपनी बैठक के दौरान, श्री पुतिन ने कहा था कि उन्हें उत्तर कोरिया के साथ सैन्य सहयोग की 'संभावनाएं' दिखाई देती हैं, जबकि श्री किम



ने रूस के लिये यूक्रेन में 'जीत' की कामना की। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने संवाददाताओं से कहा, हमें इस यात्रा की चिंता नहीं है। हमें चिंता इन दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों की है। यूक्रेन पर रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के बाद से रूस और उत्तर कोरिया के बीच संबंध प्रगाढ़ हुए हैं।

# श्रीलंका में चार भारतीय मछुआरे गिरफ्तार

एजेंसी

**कोलंबो।** श्रीलंका की समुद्री सीमा में तड़के मछली पकड़ने गए चार भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार कर उनकी नौका जब्त कर ली। इसके साथ ही इस साल अबतक 180 से अधिक भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी की गई है। श्रीलंकाई नौसेना ने जारी एक बयान में कहा, ''भारतीयों द्वारा कथित रूप से मछली पकड़ने की इस हालिया घटना में तड़के जाफना प्रायद्वीप के उत्तरी डेल्फ्ट टापू के पास एक नौका जब्त कर ली गयी तथा तथा चार मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया। नौसेना ने कहा कि ी गिरफ्तारियों समेत, श्रीलंका के जल क्षेत्र में अवैध तरीके से कथित रूप से मछली पकड़ने को लेकर इस साल अब तक कुल 182 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया है तथा उनकी 25 नौकाएं जब्त की गयी हैं। पिछले साल, इस तरह की करीब 240-245 गिरफ्तारियां की गई थीं। इस तरह की ज्यादातर घटनाएं पाक जलडमरूमध्य में होती है जो दोनों देशों के मछुआरों के लिए मछलियां पकड़ने का एक पसंदीदा स्थान है। यह जलडमरूमध्य तमिलनाडु को श्रीलंका के उत्तरी हिस्से से अलग करता है। श्रीलंका के मत्स्य पालन मंत्रालय ने कहा कि भारतीयों द्वारा कथित रूप से अवैध तरीके से मछली पकड़ने के मुद्दे पर, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के 20 जून को यहां पहुंचने पर उनके साथ चर्चा की जाएगी।



# माउंट एवरेस्ट बेस कैंप में मौसम खराब, हजारों पर्वतारोही फंसे, 10 दिन से बंद है लुक्ला एयरपोर्ट

एजेंसी

**काठमांडू।** माउट एवरेस्ट की चढ़ाई कर वापस लौट रहे हजारों पर्वतारोही अचानक मौसम खराब होने से रास्ते में फंसे हुए हैं। यह लोग एवरेस्ट बेस कैंप तक आ चुके हैं। बर्फीली हवाओं के बीच फंसे इन पर्वतारोहियों के पास मौसम खुलने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। खराब मौसम के कारण बेस कैंप से सबसे करीब लुक्ला एयरपोर्ट (तेनजिंग हिलेरी विमानस्थल) पिछले 10 दिन से बंद है।

नेपाल में मानसून प्रवेश कर चुका है। लगातार बारिश होने से मौसम बिगड़ गया है। इन पर्वतारोहियों में नेपाल के अलावा अन्य देशों के भी नागरिक भी शामिल हैं। लुक्ला के एयर ट्राफिक कंट्रोलर दिवेश दाहाल ने बताया है कि आठ जून से ही एक भी विमान ने उड़ान नहीं भरी है। मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक लुक्ला के




मौसम में सुधार के कोई संकेत नहीं है। एयरपोर्ट बंद होने के कारण लुक्ला के सारे होटल फुल हैं। सैकड़ों पर्यटकों को रूम नहीं मिल पाए हैं। ऐसे लोगों को स्थानीय प्रशासन ने होम स्टे सुविधा उपलब्ध कराई है।। लुक्ला से पर्यटकों को एवरेस्ट बेस कैंप होते हुए चोटी पर चढ़ाई कराने वाले सोनाम शेरपा ने बताया कि कुछ पर्यटकों को पास के ही सुर्के हेलीपैड तक पहुंचाया जा रहा है। सुर्के हेलीपैड के लिए लुक्ला से दो घंटे की कठिन पैदल यात्रा करनी पड़ रही है। यहां से एक हेलीकॉप्टर में एक बार में पांच लोगों को ही काठमांडू पहुंचाया जाता है। सुर्के से काठमांडू का हेलीकॉप्टर का किराया 3000 डॉलर है।

सोनाम शेरपा का कहना है कि दूसरा रास्ता सड़क मार्ग है। यह मार्ग कठिन है। लुक्ला से सड़कमार्ग जहां से जुड़ा है, वहां पहुंचने के लिए पर्वतारोहियों को करीब चार घंटे की पैदल यात्रा करनी पड़ रही है। कच्ची और उबड़ खाबड़ सड़क होने के कारण सिर्फ बोलेरो और सूमो जैसी गाड़ियां ही चल पा रही हैं। लुक्ला से 70 किलोमीटर दूर थामेडांडा है। थामेडांडा से काठमांडू की भाड़ा चार हजार रुपये प्रति व्यक्ति लिया जाता है।

# अमेरिका में भीषण गर्मी का कहर, पारा 45 डिग्री तक पहुंचा, 67 सालों का रिकॉर्ड टूटा, हेल्थ अलर्ट जारी

एजेंसी

**फीनिक्स।** भारत में पिछले दो महीने से भीषण गर्मी का असर अब सात समंदर पार भी होने लगा है। इसी कड़ी में बेहद ठंडा देश माना जाने वाला अमेरिका भी गर्मी की चपेट में हैं, वही हीट वेब का असर अमेरिका में होने के कारण करोड़ों लोगों के लिए हेल्थ अलर्ट एडवाइजरी जारी किया गया है। फिनिक्स में पारा 45 डिग्री पहुंच गया है, वहीं गर्मी के मौसम के शुरुआती हफ्ते में ही शिकागो समेत कई शहरों में गर्मी के रिकॉर्ड बन रहे हैं।

फीनिक्स में शनिवार को तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मध्य-पश्चिम के राज्यों में सोमवार को भीषण गर्मी पड़नी शुरू हो गई है, जिसे राष्ट्रीय मौसम सेवा ने खतरनाक और लंबी अवधि की गर्मी की लहर कहा है। इसके कम से कम शुक्रवार तक आयोवा से मेन तक फैलने की आशंका है। शिकागो ने



सोमवार को 36.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ 1957 का रिकॉर्ड तोड़ दिया। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा है कि शिकागो में गर्म और उमस भरे मौसम के जारी रहने का अनुमान है, यह इस सप्ताह में 37.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

अमेरिका ने पिछले वर्ष भी 1936 के बाद रिकॉर्ड दो दिन तक असामान्य गर्म मौसम का सामना किया था। फीनिक्स में स्थिति सबसे खतरनाक रही थी, जहां गर्मी से संबंधित कारणों से 645 लोगों की मौत हो गई थी, जो एक रिकॉर्ड था। अधिकारियों ने लोगों को सतर्क रहने को कहा है।

## टोरंटो में ऑफिस की इमारत में शूटिंग, तीन की मौत

**ओटावा ।** कनाडा के सबसे बड़े शहर टोरंटो में एक ऑफिस की इमारत में शूटिंग की घटना सामने आई है। इसमें शूटर सहित तीन लोगों की मौत हो गई है।

समाचार एजेंसी ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि डॉन मिल्स इलाके में गोलियां चलने की खबर मिलने के बाद स्थानीय समय के अनुसार सोमवार दोपहर बाद 3.25 बजे पुलिस को फोन कर सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पाया कि दो पुरुष और एक महिला की मौत हो गई थी। इनमें एक पुरुष की पहचान शूटर के रूप में हुई है। पुलिस का मानना है कि शूटिंग से पहले उनके बीच झगड़ा हुआ होगा। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है। फिलहाल घटना स्थल के पास एक डे केयर सेंटर और एक प्राथमिक स्कूल को बंद कर दिया गया है।

# बाइडन की योजना से पांच लाख आप्रवासियों को मिल सकती है अमेरिकी नागरिकता

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन चुनावी वर्ष में बड़ा कदम उठा रहे हैं, जिससे अमेरिका में बिना किसी वैध स्थिति के रह रहे लाखों आप्रवासियों को राहत मिलने के साथ अमेरिकी नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो सकता है।

बाइडन के इस कदम को महीने की शुरुआत में सीमा पर उनके द्वारा अपनायी गई आक्रामक नीति को संतुलित करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। उनके आक्रामक रुख ने डेमोक्रेटिक पार्टी के कई सांसदों को नाराज कर दिया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने घोषणा की कि बाइडन प्रशासन आने वाले महीनों में कानूनी स्थिति के बिना रह रहे अमेरिकी नागरिकों के कुछ जीवन साथियों को स्थायी निवास और अंततः नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति देगा। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, इस कदम से पांच लाख से अधिक आप्रवासी लाभान्वित हो सकते हैंनागरिकता प्राप्त करने के लिए, एक आप्रवासी सोमवार को पूरी हुई अवधि तक कम से कम 10 वर्षों से अमेरिका में रह रहा हो तथा उसका किसी अमेरिकी नागरिक से विवाह होना चाहिए। यदि किसी अर्हता प्राप्त अप्रवासी का आवेदन स्वीकृत हो जाता है, तो उसके पास ग्रीन कार्ड के लिए



आवेदन करने के लिए तीन वर्ष का समय होगा, तथा उसे अस्थायी कार्य परमिट प्राप्त होगा और इस बीच उसे निर्वासन से सुरक्षा मिलेगी।

नाम न बताने की शर्त पर प्रस्ताव के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देने वाले वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, लगभग 50,000 गैर-नागरिक बच्चे, जिनके माता-पिता में से एक अमेरिकी नागरिक हैं, भी संभावित रूप से इसी प्रक्रिया के लिए पात्र हो सकते हैं। इस बात की कोई आवश्यकता नहीं है कि दंपति को कितने समय तक विवाहित रहना चाहिए, और सोमवार के बाद कोई भी पात्र नहीं होगा।

अधिकारियों के अनुसार, इसका मतलब यह है कि 17 जून 2024 के बाद किसी भी समय 10 साल की अवधि तक पहुंचने वाले आप्रवासी इस कार्यक्रम के लिए पात्र नहीं होंगे।

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि उनका अनुमान है कि गर्मियों के अंत तक आवेदन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, तथा आवेदन शुल्क अभी निर्धारित नहीं किया गया है। इस कदम से उन लगभग 11 लाख लोगों में से कई लोग अंततः अमेरिकी नागरिक बन जाएंगे, जिन्होंने अमेरिकी नागरिकों से विवाह किया है।

## भारतीय टीम से मिले वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज वेस्ली हॉल, मिला खास तोहफा



एजेंसी
**बारबाडोस।** टी20 विश्व कप 2024 का ग्रुप चरण समाप्त हो चुका है। बुधवार को सुपर-8 की शुरुआत होगी। भारतीय टीम 20 जून को वेस्टइंडीज में अफगानिस्तान से भिड़ेगी। इससे पहले शीर्ष भारतीय खिलाड़ियों ने पूर्व दिग्गज गेंदबाज वेस्ली हॉल से मुलाकात की। इसका वीडियो सामना आया है। रोहित शर्मा की सेना सुपर-8 से पहले बारबाडोस में जमकर पसीना बहा रही है। भारत ने लीग स्टेज पर अपने शुरुआती तीन मुकाबलों में जीत हासिल की जबकि कनाडा के खिलाफ खेला जाने वाला मैच रद्द हो गया। इससे पहले टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ियों की वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज वेस्ली हॉल से मुलाकात हुई। सोशल मीडिया पर एक विराट कोहली और 86 वर्षीय गेंदबाज की खास मुलाकात का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दिग्गज उन्हें खास तोहफा भेंट करते दिख रहे हैं।

## भारतीय टीम के नए मुख्य कोच का जल्द एलान संभव

एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम फिलहाल टी20 विश्व कप में सुपर आठ चरण की तैयारियों में व्यस्त है, लेकिन सभी की नजरें इस बात पर भी टिकी हुई हैं कि राहुल द्रविड़ के बाद टीम का अगला कोच कौन होगा? माना जा रहा है कि पूर्व भारतीय बल्लेबाज गौतम गंभीर इस दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं और मंगलवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए उनका साक्षात्कार लिया है। गंभीर के अलावा डब्ल्यूवी रमन ने भी साक्षात्कार दिया है। इन दोनों ने वीडियो कॉल के जरिये साक्षात्कार दिया जिसमे अशोक मल्होत्रा शामिल थे।

**जल्द हो सकती है नाम की घोषणा**

बीसीसीआई के एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी हवाले से कहा, 'हां, गंभीर सीएसी के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। आज एक दौर की चर्चा हुई। कल एक और दौर होने की उम्मीद है। गंभीर के साथ रमन का साक्षात्कार हुआ। उन्होंने भी ऑनलाइन के जरिये इसमें हिस्सा लिया। उन्होंने साथ ही भारतीय क्रिकेट पर अपने दृष्टिकोण और रोड मैप पर भी प्रेजेंटेशन भी दिया। यह साक्षात्कार 40 मिनट तक चला। प्रेजेंटेशन देखने से पहले समिति ने कुछ प्रारंभिक प्रश्न भी पूछे।' माना जा रहा है कि गंभीर एकमात्र उम्मीदवार हैं जो दावेदारी में हैं और उनके नाम की घोषणा महज औपचारिकता है जो अगले 48 घंटों में हो सकती है।

## सुपर आठ में कुछ खास करने को लेकर उत्सुक हैं रोहित

**बारबाडोस।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ चरण के मैच से पहले स्वीकार किया कि इस स्टेज पर कार्यक्रम थोड़ा व्यस्त रहने वाला है, लेकिन उनके खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं। रोहित ने साथ ही बताया कि खिलाड़ियों में कुछ खास करने को लेकर उत्सुकता है। भारत अपने सुपर आठ अभियान की शुरुआत 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद 22 जून को बांग्लादेश और 24 जून को सेंट लूसिया में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी।

**मैच से पहले अभ्यास सत्र में लिया हिस्सा**

भारतीय टीम ने लंबे अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया जिसमें विराट कोहली और रोहित जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने सामान्य से अधिक समय नेट पर बिताया। इस दौरान रोहित जहां पिच पर बात करते दिखे, वहीं ग्रुप चरण में फ्लॉप रहे विराट कोहली ने नेट्स पर जमकर पसीना बहाया और काफी देर तक बल्लेबाजी अभ्यास किया। भारतीय टीम ने लीग चरण में आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराया, जबकि कनाडा के खिलाफ उनका अंतिम ग्रुप मैच फ्लोरिडा में मैदान गीला के कारण रद्द हो गया था। भारत ग्रुप-ए में शीर्ष पर रहकर सुपर आठ में पहुंचा है।

## मुरलीधरन ने कर्नाटक की पेय पदार्थ इकाई में निवेश का लिया फैसला

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के पूर्व स्पिनर मुथैया मुरलीधरन क्रिकेट की पिच के बाद अब निवेशक बनने की राह पर चल पड़ रहे हैं। मुरलीधरन ने कर्नाटक की पेय पदार्थ इकाई में 1400 करोड़ रुपये का निवेश करने का फैसला किया है। पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर मुथैया मुरलीधरन कर्नाटक के चामराजनगर जिले में पेय पदार्थ (सॉफ्ट ड्रिंक्स) और कन्फेक्शनरी इकाई में निवेश करेंगे। कर्नाटक के भारी और मझोले उद्योग मंत्री एम बी पाटिल ने यह जानकारी दी। यह निवेश कई चरणों में किया जाएगा। मुरलीधरन ने परियोजना के संबंध में पाटिल के साथ चर्चा की, जिसके बाद यह घोषणा की गई। मंत्री के कार्यालय ने बयान में पाटिल के हवाले से कहा कि श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर मुरलीधरन ने 'मुथैया बेवरेजेज एंड कन्फेक्शनरीज' ब्रांड के तहत पेय पदार्थ और कन्फेक्शनरी बनाने की योजना बनाई है।

# केन विलियमसन ने राष्ट्रीय अनुबंध अस्वीकार किया, सफेद गेंद टीम की कप्तानी भी छोड़ी

एजेंसी
**वेलिंगटन।** केन विलियमसन ने बुधवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट को चौंकाते हुए खुलासा किया है कि वह 2024-25 सीज़न के लिए नया केंद्रीय अनुबंध स्वीकार नहीं करेंगे। विलियमसन ने सफेद गेंद टीम की कप्तानी भी छोड़ दी है। विलियमसन के फैसले के बाद न्यूजीलैंड को अब एक नए सीमित ओवरों के कप्तान का नाम भी बताना होगा। उन्होंने 2022 में पहले ही टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी और केवल सीमित ओवरों के क्रिकेट में टीम का नेतृत्व कर रहे थे।

33 वर्षीय खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि वह न्यूजीलैंड की गर्मियों के दौरान विदेशी लीग में खेलने का मौका तलाश रहे हैं और इसलिए उस अवधि के दौरान राष्ट्रीय टीम के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उस समय सीमा के अलावा, उन्होंने कहा है कि वह न्यूजीलैंड के लिए खेलने के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। विलियमसन ने बुधवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट के हवाले से कहा, सभी प्रारूपों में टीम को आगे बढ़ाने में मदद करना मेरे लिए बहुत जुनूनी है और मैं इसमें अपना योगदान देना चाहता



हूं।हालांकि, न्यूजीलैंड की गर्मियों के दौरान विदेश में खेलने का मतलब है कि मैं केंद्रीय अनुबंध की पेशकश स्वीकार करने में असमर्थ हूं। उन्होंने कहा, न्यूजीलैंड के लिए खेलना मेरे लिए बहुत कीमती है और टीम को कुछ वापस देने की मेरी इच्छा अभी भी कम नहीं हुई है। हालांकि, क्रिकेट से बाहर मेरा जीवन बदल गया है - अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताना और घर या विदेश में उनके साथ अनुभवों का आनंद लेना मेरे लिए और भी महत्वपूर्ण है। सीईओ स्कॉट वीनिंक का कहना है कि भले ही न्यूजीलैंड केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों को चुनना पसंद करता है, लेकिन वे विलियमसन के लिए अपवाद बनाने को तैयार हैं।

वीनिंक ने कहा, केन को अंतरराष्ट्रीय खेलों में बनाए रखने में मदद करने का यह एक अच्छा तरीका है, ताकि वह ब्लैककैप्स के लिए एक प्रमुख भूमिका निभाना जारी रखे - अभी और आने वाले वर्षों में भी। उन्होंने आगे कहा, जनवरी तक न्यूजीलैंड में हमारे पास बहुत कम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट है और उस अवधि के बाहर वह अभी भी ब्लैककैप्स के लिए उपलब्ध है। न्यूजीलैंड क्रिकेट की ब्लैककैप्स के लिए केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों को चुनने की प्रबल प्राथमिकता है, हालांकि हम अपने सबसे महान बल्लेबाज के लिए अपवाद बनाने में खुश हैं - खासकर इसलिए क्योंकि वह टीम के लिए इतना प्रतिबद्ध है।

विलियमसन के नेतृत्व में, न्यूजीलैंड को मौजूदा टी20 विश्व कप में पहले दौर से बाहर होना पड़ा, जिसने हाल के वर्षों मे आईसीसी व्हाइट-बॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि यह उनका आखिरी टी20 विश्व कप था। अनुभवी बल्लेबाज के अलावा तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन ने भी केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर करने में अनिच्छा का संकेत दिया है। अंतिम सूची अगले महीने घोषित होने की संभावना है।

## भारतीय ग्रैंड मास्टर अर्जुन एरिगासी ने स्टीफन अवग्यान मेमोरियल खिताब जीता

एजेंसी
**जर्मुक।** भारत के सर्वोच्च रेटिंग वाले शतरंज खिलाड़ी ग्रैंड मास्टर अर्जुन एरिगासी ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए आर्मेनिया के जर्मुक में आयोजित स्टीफन अवग्यान मेमोरियल 2024 का खिताब जीत लिया। लाइव रेटिंग में अर्जुन चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

20 वर्षीय अर्जुन ने आठवें और अंतिम दौर में 63 चालों में रूसी जीएम वोलोदर मुर्ज़िन को हराया और चार जीत और इतने ही ड्रॉ के साथ अपने छह अंक हासिल किए और अब 10 खिलाड़ियों के मजबूत क्षेत्र में दूसरे स्थान के लिए बराबरी करने वाले तीन खिलाड़ियों पर 1.5 अंकों की अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

इस जीत ने अर्जुन को करियर की सर्वोच्च लाइव रेटिंग नंबर 4 पर पहुंचने में भी मदद की क्योंकि उन्होंने अब तक आठ राउंड से 9 अंक जोड़कर कुल 2779.9 ईएलओ अंक हासिल किए हैं। अब वह लाइव रेटिंग में नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन, हिकारू नाकामुरा और यूएसए के फैबियानो कारुआना से पीछे हैं।

अर्जुन ने कहा, यह मेरे लिए शानदार टूर्नामेंट रहा है, क्योंकि मैं अपने मौकों का पूरा फायदा उठा पाया हूं। ये टूर्नामेंट कभी आसान नहीं होते, क्योंकि प्रतिस्पर्धा का स्तर बहुत ऊंचा होता है, लेकिन मैं जिस तरह से खेला और साल का अपना दूसरा खिताब जीता, उससे खुश हूं।

अर्जुन इस साल शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने अप्रैल में मेनोरका



ओपन का खिताब जीता, मई में टेपे सिगमैन शतरंज टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर रहे और शारजाह मास्टर्स ओपन टूर्नामेंट में संयुक्त पांचवें स्थान पर रहे। टूर्नामेंट के अंतिम दौर में, अर्जुन पेट्रोसियन का सामना करेंगे और जीत दर्ज करके लाइव रेटिंग में तीसरे स्थान पर रहने वाले कारुआना (2795.6 ईएलओ अंक) से अंतर कम करना चाहेंगे।

## पेरिस खेलों 2024 में खेलेंगे नोवाक जोकोविच, सर्बिया ओलंपिक समिति ने की पुष्टि

एजेंसी
**बेलग्रेड।** पूर्व विश्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच पेरिस में होने वाले ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में खेलेंगे, सर्बिया ओलंपिक समिति ने यह जानकारी दी। सर्बियाई समिति ने अपनी वेबसाइट पर कहा, नोवाक जोकोविच और डुसन लाजोविच ने एटीपी रैंकिंग के अनुसार शर्तों को पूरा कर लिया है और 2024 में पेरिस में होने वाले ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है।

जून की शुरुआत में, 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने कैस्पर रूड के खिलाफ होने वाले रोलैंड गैरोस क्वार्टरफाइनल से पहले ही नाम वापस ले लिया था, क्योंकि स्कैन में उनके दाहिने घुटने में मध्यवर्ती मेनिस्कस फटा हुआ पाया गया था। दो सप्ताह पहले, जोकोविच ने पुष्टि की थी कि उनके घुटने का सफल ऑपरेशन हुआ है, लेकिन उन्होंने वापसी के



लिए कोई समय सीमा नहीं बताई थी।

जोकोविच ने चार ओलंपिक टूर्नामेंट खेले हैं और 2008 में बीजिंग में कांस्य पदक जीता है।

मोंटे कार्लो में क्ले स्विंग से पहले अप्रैल में जोकोविच ने कहा था, पेरिस ओलंपिक बहुत महत्वपूर्ण हैं। ओलंपिक हमेशा मेरे लिए प्राथमिकता रहा है। रोलैंड गैरोस में अपने शुरुआती बाहर होने के बाद, जोकोविच एटीपी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

## चीन ने पेरिस ओलंपिक के लिए तैराकी और गोताखोरी टीम घोषित की

एजेंसी
**बीजिंग।** चीनी तैराकी प्रशासनिक केंद्र ने यहां 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए तैराकी, गोताखोरी और कलात्मक तैराकी टीम की घोषणा की। पेरिस खेलों में दस गोताखोर भाग लेंगे। ओलंपिक चैंपियन क्वान होंगचन, चेन युक्सी, वांग ज़ोंगयुआन, ज़ी सियी और काओ युआन अपने दूसरे ओलंपिक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि स्प्रिंगबोर्ड गोताखोर चेन यिवेन, चांग यानी और लोंग दाओयी, साथ ही प्लेटफ़ॉर्म गोताखोर यांग हाओ और लियान जुनजी पेरिस में अपना पहला ओलंपिक खेलेंगे।

31 सदस्यीय चीनी तैराकी टीम का नेतृत्व छह ओलंपिक चैंपियन झांग यूफेई, ये शिवेन, ली बिंगजी, यांग जुनक्सुआन, तांग मुहान और वांग शुन कर रहे हैं। विश्व चैंपियन यू यिटिंग, किन हैयांग और पान झानले से भी



अपनी ताकत दिखाने की उम्मीद है। पेरिस खेलों में नौ कलात्मक तैराक भाग लेंगे, जिनमें युगल स्पर्धा में विश्व चैंपियन वांग लियुई और वांग कियानयी जुड़वाँ बहनें शामिल हैं। मैराथन तैराकी में, शिन शिन एकमात्र चीनी तैराक हैं जो इस स्पर्धा के लिए योग्य हैं।

# ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने पावो नूरमी खेलों में जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी
**तुर्कू।** भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी गेम्स 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी, जिनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है, ने रात का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और अपने तीसरे प्रयास में 85.97 मीटर दूरी के साथ स्वर्ण पदक जीता। फिनलैंड के टोनी केरेनन ने 84.19 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक जीता, जबकि उनके हमवतन ओलिवर हेलैंडर, जिन्होंने दो साल पहले इस मीट में नीरज को स्वर्ण पदक से वंचित किया था, ने 83.96 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता।

दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 82.58 मीटर के साथ चौथे स्थान पर रहे। मौजूदा विश्व और ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा इस साल अपने तीसरे इवेंट में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। इस साल के अंत में पेरिस 2024 ओलंपिक में अपना ताज बचाने के सफर पर निकले नीरज ने 10 मई को दोहा डायमंड लीग में 88.36 मीटर थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल करके अपने सत्र की शुरुआत की। इसके पांच दिन बाद उन्होंने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में 82.27 मीटर का मामूली थ्रो करके स्वर्ण पदक जीता। ओलंपिक चैंपियन बनने के बाद यह भारत में उनकी पहली प्रतियोगिता थी। नीरज को पिछले महीने के अंत में चेकिया में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स मीट में भी प्रतिस्पर्धा करनी थी, लेकिन प्रशिक्षण सत्र के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव के बाद एहतियात के तौर पर उन्होंने इसमें भाग नहीं लिया। टोक्यो 2020 के स्वर्ण पदक विजेता ने तुर्कू मीट में वापसी करते हुए 83.62 मीटर के अपने पहले थ्रो के साथ शुरुआत की और पहली सीरीज में बढ़त बनाई, लेकिन अगले राउंड में हेलेंडर ने उन्हें पीछे छोड़ दिया।

तीसरी सीरीज में 85.97 मीटर के थ्रो से भारतीय खिलाड़ी ने फिर से बढ़त हासिल की और अंत तक शीर्ष पर बने रहे जर्मनी के 19 वर्षीय मैक्स डेहिंग, 90 मीटर के निशान को पार करने वाले सबसे कम उम्र के भाला फेंक खिलाड़ी, 79.84 मीटर के साथ आठ पुरुषों के क्षेत्र में सातवें स्थान पर रहे। डेहिंग ने फरवरी में हाले में एक मीट में विश्व-अग्रणी 90.20 मीटर थ्रो दर्ज किया था।

## ऑल इंडिया गर्ल्स ट्रेकिंग एक्सपेडिशन के दूसरे चरण के लिए धर्मशाला पंहुचे कैडेट्स

एजेंसी
**धर्मशाला।** बहुप्रतीक्षित ऑल इंडिया गर्ल्स ट्रेकिंग एक्सपेडिशन के दूसरे चरण के लिए विभिन्न राज्यों सहित हिमाचल के एनसीसी कैडेट्स धर्मशाला पंहुच गए हैं। दूसरे चरण का आधिकारिक रूप से शुभारंभ होने के बाद जो युवा कैडेट्स को साहसिक गतिविधियों और टीमवर्क अपनाने के लिएकैडेट्स को प्रोत्साहित करने का एक और मील का पत्थर है। यह चरण 26 जून तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देहरादून, नैनीताल, चंडीगढ़, अंबाला, हिसार, रुड़की, रोहतक, शिमला, पालमपुर, बिलासपुर, सोलन, मंडी, नाहन, कुल्लू, रामपुर, अल्मोड़ा, और कुणिहार से कैडेट्स शामिल हुए हैं।कैम्प कमांडेंट कर्नल संजय शांडिल ने समारोहपूर्वक इस अभियान का शुभारंभ किया। उनका उपस्थिति मात्र प्रतीकात्मक नहीं थी; कर्नल शांडिल ने अपनी पत्नी पूनम शांडिल के साथ ट्रेक में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे उन्होंने कैडेट्स को समर्थन और प्रोत्साहन देने की अपनी प्रतिबद्धता को दिखाया। उनकी यात्रा का प्रारंभ कुणाल पठरी, एक प्रतिष्ठित स्थल, के ट्रेक से हुआ। कर्नल शांडिल का नेतृत्व कैडेट्स के लिए प्रेरणा का स्रोत था। ट्रेक के दौरान, उन्होंने अपने विशाल अनुभव और ज्ञान को साझा किया, शारीरिक सहनशक्ति, मानसिक दृढ़ता, और साथीभाव की भावना के महत्व के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान की।

## टी-20 विश्व कप: नेपाल के खिलाफ मैच में दुर्व्यवहार के लिए तंजीम हसन साकिब पर जुर्माना

एजेंसी
**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तंजीम हसन साकिब को नेपाल के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 ग्रुप डी मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए एक डिमेरिट अंक मिला है और उन पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

यह घटना किंग्सटाउन के अर्नोस वेल ग्राउंड में हुई। नेपाल की पारी के तीसरे ओवर में तंजीम द्वारा गेंद फेंकने के बाद, वह बल्लेबाज रोहित पौडेल के पास आक्रामक तरीके से पहुंचे और अनुचित शारीरिक संपर्क बनाया। यह घटना तंजीम हसन साकिब द्वारा 24 महीने की अवधि के भीतर किया गया



पहला अपराध है।

तंजीम को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 के उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो किसी खिलाड़ी, खिलाड़ी के सहायक कर्मचारी, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति (अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान दर्शक सहित) के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है।

यह आरोप मैदानी अंपायर अहसान रजा और सैम नोगाज्स्की ने लगाया था, जिसमें तीसरे अंपायर जयरामन मदनगोपाल और चौथे अंपायर कुमार धर्मसेना का भी सहयोग था। तंजीम ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, जिससे औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं पड़ी।

# खिलाड़ियों के लिए अब केवल प्रयोगशाला बन गया ग्रीनपार्क स्टेडियम

एजेंसी
**कानपुर।** नगर ही नहीं बल्कि देश-प्रदेश के खेल जगत में कभी ध्रुव तारे की तरह जगमगाने वाला ग्रीनपार्क स्टेडियम अब खिलाड़ियों के लिए केवल प्रयोगशाला बनता जा रहा है। वह भी ऐसी प्रयोगशाला जिसमें खिलाड़ी केवल खेल के गुर सीख सकते हैं उस पर अमल करने के लिए उन्हें बाहर के खेल संगठनों पर आश्रित रहना पड़ता है।

ग्रीनपार्क में वैसे तो कई खेलों के लिए खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जाता रहा है। कभी बास्केटबाल और बॉलीबाल की टीमों का वर्चस्व पूरे प्रदेश में कायम रखने वाली टीमों के खिलाड़ी अब यहां पर न के बराबर मिलते दिखायी देते हैं तो फुटबाल सहित हॉकी और




अन्य खेलों में ग्रीनपार्क की टीमों को केवल फाइलों में ही देखा जा सकता है। कभी यह आलम था कि संगठनों की टीमों के अलावा ग्रीनपार्क की टीमें प्रतियोगिताओं के लिए अलग से अपना नाम दर्ज कराती थी।

उल्लेखनीय है कि नगर के बीचों बीच बने ग्रीनपार्क स्टेडियम में अब यहां पर हो रहे बड़े और छोटे मैचों के अभाव से शहर के वो खिलाड़ी जो बड़े खिलाड़ियों की तरह बनने का सपना देख रहे हैं वो खेल विभाग और यूपीसीए की अंतर्कलह के चलते ध्वस्त होता जा रहा है।

पालिका स्टेडियम के पूर्व खेल निदेशक जफर आलम ने मंगलवार को बताया कि कानपुर शहर की शान और पहचान कहे जाने वाले ग्रीन पार्क स्टेडियम से सभी वाकिफ हैं। शहर के बच्चे, युवा और बुजुर्गों ने इस के बदलते स्वरूप को भी देखा है। ग्रीन पार्क स्टेडियम में हर खेल की अमूमन व्यवस्था है, यहां अलग-अलग खेल को खेलने और उसे देखने के लिए मैदान और कोच भी उपलब्ध है,लेकिन इस स्टेडियम की खास पहचान क्रिकेट मैचों से है, लेकिन अब इसका भी अन्त हो चला है। उन्होंने बताया कि खेल विभाग और यूपीसीए इस स्टेडियम में कराए जाने वाले मैचों को लेकर लचीला रुख अख्तियार किए हैं। इसे दोनों के बीच आपसी कलह की कहानी कहे या फिर कुछ और ग्रीन पार्क स्टेडियम से खेलों का आयोजन कोसों दूर होता जा रहा है। अगर इसे रोका नहीं गया तो खेल की प्रयोगशाला के भीतर केमिकल के मिश्रण से किसी खिलाड़ी का जन्म नहीं हो सकेगा।

# पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय शॉटगन टीम घोषित

एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने मंगलवार को आगामी पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय शॉटगन टीम घोषित कर दी है।

पृथ्वीराज टोंडाइमन ने पुरुष ट्रैप में जगह बनाई है जबकि राजेश्वरी कुमारी महिला ट्रैप में निशानेबाजी करेंगी। अनंतजीत सिंह नरुका भारत के एकमात्र पुरुष स्कीट निशानेबाज होंगे जबकि रायजा ढिल्लन और माहेश्वरी चौहान महिला स्कीट में हिस्सा लेंगी। इससे शॉटगन टीम को मिले पांच कोटा पूरे हो जाएंगे।

माहेश्वरी और अनंतजीत स्कीट मिक्स्ड टीम इवेंट में एकमात्र भारतीय जोड़ी के रूप में भी भाग लेंगे, जो पेरिस खेलों में पहली बार हो रहा है। संयोग से, नामित सभी पांच खिलाड़ी अपने पहले ओलंपिक खेलों में भाग लेंगे।

एनआरएआई के महासचिव, सुल्तान सिंह ने कहा, स्थानों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा थी और अगर हाल ही में संपन्न लोनाटो विश्व कप में कुछ निशानेबाजों ने पदक जीते होते तो चीजें बदल सकती थीं। लेकिन



हमारा मानना है कि हमारे पास एक बेहतरीन शॉटगन टीम है, जिसने किसी भी खेल में भारत के लिए अब तक के सर्वोच्च स्थान जीते हैं और निश्चित रूप से इस अनुशासन में दूसरा ओलंपिक पदक एक मजबूत संभावना है।

उन्होंने यह भी बताया कि महिला ट्रैप शूटर श्रेयसी सिंह के नाम को भी समिति ने मंजूरी दे दी है और एनआरएआई ने कोटा स्वैप के लिए आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय शूटिंग खेल निकाय) को लिखा है। इस स्थिति में, आईएसएसएफ से आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने के बाद ही उनका नाम प्रकाशित किया जा सकता है।

**भारतीय टीम इस प्रकार है-**

पुरुष ट्रैपः पृथ्वीराज तोंडाइमन
महिला ट्रैपः राजेश्वरी कुमारी
पुरुष स्कीटः अनंतजीत सिंह नरुका
महिला स्कीटः रायजा ढिल्लन, माहेश्वरी चौहान
स्कीट मिश्रित टीमः अनंतजीत सिंह नरुका, माहेश्वरी चौहान।

## भारतीय टीम में वापसी कर सकता है यह अहम खिलाड़ी

एजेंसी
**नई दिल्ली।** कुछ समय से टीम से बाहर चल रहे श्रेयस अय्यर को श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया जा सकता है। श्रेयस के नेतृत्व में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल 2024 का खिताब जीता था। भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप के बाद समाप्त हो रहा है और टीम नए कोच के नेतृत्व में श्रीलंका के खिलाफ खेलने उतरेगी। श्रेयस को पांच जुलाई से जिंबाब्वे के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भी चुना जा सकता है, लेकिन श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए उनके चुने जाने की संभावना अधिक है। श्रीलंका के खिलाफ भारत को जुलाई-अगस्त में तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। पूर्व भारतीय बल्लेबाज गौतम गंभीर द्रविड़ की जगह अगले कोच पद के लिए प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं।

